■ माघ शुक्ल - 3 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 197 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » सोमवार » 12-02-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित





5 निर्वाचन आयोग ने राकांपा को संस्थापकों से छीनकर दूसरों को दे दिया : शरद पवार

6 नए भारत के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा भगवान महावीर

7 आज कांग्रेस में रहने का मतलब चमचागिरी : आचार्य प्रमोद कृष्णम




## फर्स्ट टेक

### प्रधानमंत्री आज एक लाख से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को केंद्र सरकार के विभागों में नियुक्त किए गए एक लाख से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री यहां एकीकृत परिसर ''कर्मयोगी भवन'' के प्रथम चरण की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी 12 फरवरी को सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एक लाख से अधिक नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

### रूस ने यूक्रेन पर 45 ड्रोन हमले किए

**कीव/एपी।** रूस की सेनाओं ने रविवार को करीब साढ़े पांच घंटे तक चली लड़ाई के दौरान यूक्रेन को करीब 45 ड्रोन हमलों से निशाना बनाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की द्वारा अपने युद्ध मंत्रिमंडल में फेर-बदल का दौर जारी है। यूक्रेन की वायुसेना ने एक बयान जारी कर बताया कि रूस द्वारा भेजे गए ईरान निर्मित 40 शाहिद ड्रोन को राजधानी कीव के बाहरी इलाके सहित देश के नौ क्षेत्रों में मार गिराया। यूक्रेन के दक्षिणी रक्षा बलों के अधिकारियों ने टेलीग्राम चैनल के माध्यम से जानकारी दी, ''साढ़े पांच घंटे तक चली लड़ाई में रूस द्वारा कृषि सुविधाओं और तटीय बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया।''

### तुर्किये में चुनावी सभा के दौरान गोलीबारी

**इस्तांबुल/एपी।** तुर्किये के इस्तांबुल में आगामी नगर निकाय चुनाव के लिए चल रहे प्रचार अभियान के दौरान गोलीबारी करने वाले हमलावरों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने रविवार को यह जानकारी दी। एर्दोआन ने शनिवार के हमले की निंदा की जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्होंने संदिग्धों को पकड़ने की कोशिश के लिए पुलिस और अभियोजकों की प्रशंसा की।

| | |
|---|---|
| 12-02-2024 सूर्यास्त 6:13 बजे | 13-02-2024 सूर्योदय 6:32 बजे |
| BSE 71,595.49 (+167.06) | NSE 21,782.50 (+64.55) |
| सोना 6,494 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 76,000 रु. प्रति किलो |

# लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 की संख्या पार करेगी : मोदी

## मध्य प्रदेश में 7,550 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**झाबुआ/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगी और इतना ही नहीं, संसद में विपक्षी नेता भी कह रहे हैं कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से अधिक सीट मिलेंगी।

प्रधानमंत्री मोदी मध्य प्रदेश में 7,550 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद झाबुआ जिले में



आदिवासी समुदाय के सदस्यों की एक जनसभा संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से आगामी चुनाव में भाजपा को लोकसभा की 543 में से 370 सीट जीताने के लिए पिछले तीन चुनावों में प्रत्येक बूथ पर पार्टी को मिले सबसे अधिक मत की तुलना में 370 अतिरिक्त वोट सुनिश्चित करने को कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतना ही नहीं संसद में विपक्षी नेता भी अब राजग के लिए ''अबकी बार 400 पार'' बात कह रहे हैं।

मोदी ने कहा, मुझे यकीन है कि भाजपा का कमल चुनाव चिह्न निश्चित रूप से अपने दम पर 370 का आंकड़ा पार कर जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार करने के लिए झाबुआ नहीं आए हैं, बल्कि हालिया विधानसभा चुनावों में मध्य प्रदेश में मिले जबरदस्त समर्थन के लिए लोगों को धन्यवाद देने के खातिर एक 'सेवक' के रूप में आए हैं।

भाजपा ने हाल ही में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है।

जनसभा को संबोधित करने से पहले शुरू की गई 7,550 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हमारी 'डबल इंजन' सरकार मध्य प्रदेश में दोगुनी गति से काम कर रही है।

## पेटीएम में चीन से एफडीआई प्रवाह की जांच कर रही है सरकार

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड की सहायक कंपनी पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की जांच कर रही है। पीपीएसएल ने नवंबर 2020 में भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। आरबीआई ने हालांकि नवंबर 2022 में पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया और कंपनी को इसे फिर से जमा करने के लिए कहा, ताकि एफडीआई नियमों के तहत प्रेस नोट तीन का अनुपालन किया जा सके। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) में चीनी फर्म एंट ग्रुप कंपनी का निवेश है। इसके बाद, कंपनी ने एफडीआई दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित प्रेस नोट तीन का अनुपालन करने के लिए ओसीएल से कंपनी में पिछले निवेश के लिए भारत सरकार के साथ 14 दिसंबर, 2022 को आवश्यक आवेदन दायर किया।

## अन्नाद्रमुक का भाजपा से कोई गठबंधन नहीं : के पलानीस्वामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कृष्णागिरी (तमिलनाडु)/भाषा।** तमिलनाडु में विपक्षी दल ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने रविवार को कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से उसका कोई गठबंधन नहीं है। पार्टी ने मीडिया में झूठी खबर फैलाने के लिए अन्य राजनीतिक दलों की आलोचना की है।



अन्नाद्रमुक महासचिव ए के पलानीस्वामी ने कहा कि उनकी पार्टी ने पिछले साल अन्नाद्रमुक से संबंध तोड़ने के प्रति'कड़ा रुख' अपनाया और मीडिया से अपील की कि वे इस विषय पर अब और सवाल न उठाएं। पलानीस्वामी ने एक बैठक में कहा, ''कुछ राजनीतिक दल अभी भी कहते हैं कि अन्नाद्रमुक का भाजपा के साथ किसी तरह का अप्रत्यक्ष गठबंधन है। मैंने इस बारे में बार-बार कहा है और यहां तक कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी कई मौकों पर स्पष्ट किया है, मैं इसे फिर से दोहराऊंगा कि हमारा भाजपा के साथ कोई गठबंधन नहीं है।''

इस बैठक में विभिन्न राजनीतिक संगठनों के कई सदस्य अन्नाद्रमुक में शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि 25 सितंबर, 2023 को चेन्नई में पार्टी मुख्यालय कार्यालय में भाजपा से संबंध तोड़ने के लिए एक प्रस्ताव 'सर्वसम्मति' से पारित किया गया था।

द्रमुक और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे की बातचीत पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी तमिलनाडु के लोगों पर भरोसा करने के बजाय राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन करने में विश्वास करती है।



## असमानता को कम करने के लिए शिक्षा सबसे प्रभावशाली तंत्र : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गोंदिया/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि समानता लाने और असमानता को कम करने के लिए शिक्षा सबसे प्रभावशाली परिवर्तन लाने वाला तंत्र है।

महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में एक समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि दृष्टि, मिशन और प्रतिभा के साथ युवा सांसदों को 2047 के विकासशील भारत के निर्माण में बड़ी भूमिका निभानी है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने यह भी सुझाव दिया कि कृषि उपज के संवर्धन से किसानों के जीवन में गुणात्मक सुधार आएगा।

धनखड़ ने कहा, ''आज, दुनिया भारत में बदलाव देख रही है और परिवर्तन आसन्न है जब नेता जमीनी हकीकत से अवगत हैं और उन्हें बदलने की क्षमता रखते हैं। आज, हमारे पास केंद्र और राज्य में एक काबिल नेतृत्व है जो परिवर्तन लाने में अच्छी तरह से सक्षम हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत तेजी से एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा, ''1989 में जब मैं पहली बार सांसद बना, वह हमारे देश के लिए एक कठिन समय था। देश को अपना स्वर्ण भंडार हवाई मार्ग से स्विट्ज़रलैंड भेजना पड़ा, जहां इसे दो बैंकों में गिरवी रखा गया ताकि हमारे देश की वित्तीय विश्वसनीयता बरकरार रखी जा सके।'' उन्होंने कहा कि हालांकि अब समय बदल गया है और ''हम कनाडा, फ्रांस और इंग्लैंड को पीछे छोड़कर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं।'' उन्होंने कहा, भारत वर्तमान में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

## हल्द्वानी हिंसा का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

**हल्द्वानी/भाषा।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में तीन दिन पहले हिंसा भड़काने के मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि घटना में शामिल किसी दंगाई को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया और उसे हल्द्वानी लाया जा रहा है। इसके साथ ही, बनभूलपुरा क्षेत्र में बृहस्पतिवार को हुई हिंसा के मामले में अब तक कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि हल्द्वानी में हुई हिंसा में शामिल उपद्रवियों और अराजक तत्वों पर कार्रवाई लगातार जारी है और सभी दंगाइयों को एक-एक कर गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी साफ किया कि प्रदेश में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा, जो भी प्रदेश में अतिक्रमण है, उस पर कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी और इस अभियान को रोका नहीं जाएगा।



## किसान संघों के निर्धारित मार्च से पहले दिल्ली और हरियाणा की सीमाएं सील

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/चंडीगढ़/भाषा।** किसान यूनियनों के मंगलवार को प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' मार्च से पहले, हरियाणा और दिल्ली में कई स्थानों पर कंक्रीट के अवरोधक, सड़क पर बिछने वाले नुकीले अवरोधक और कंटीले तार लगाकर पड़ोसी राज्यों से लगी सीमाओं को किले में तब्दील कर दिया गया है। इसके अलावा निषेधाज्ञा लागू की गई है और हजारों पुलिसकर्मियों को तैनात किया जा चुका है।

एक ओर केंद्र ने किसान यूनियनों की मांगों पर चर्चा के लिए 12 फरवरी को उन्हें एक और बैठक के लिए आमंत्रित किया है, तो दूसरी ओर प्रदर्शनकारियों को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने से रोकने के लिए सीमाओं को अवरुद्ध करने के कदम की रविवार को विपक्षी दलों और किसान समूहों ने आलोचना की। हालांकि, अधिकारियों ने निरस्त किए जा चुके तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 2020 के आंदोलन का हवाला देते हुए पाबंदियों का बचाव किया। किसानों का वह आंदोलन एक वर्ष से अधिक समय चला था।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और ज्यादातर उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के किसानो संघों ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी को लेकर कानून बनाने समेत अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए केंद्र पर दबाव बनाने के सिलसिले में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### इतिहास दोहराओ

बेकाबू हैं पाकिस्तानी,
कोई ना सुनता आज पीर।
किसको सौंपें या खुद थामे,
सकते में है जनरल मुनीर।
हालात इकहत्तर वाले फिर,
बन सकते हैं नूतन नज़ीर।
जागो पीओके बलुचों सब,
छोड़ो तरकश से सधे तीर।।

पाकिस्तान चुनाव आम चुनाव 2024

# खंडित जनादेश के बाद गठबंधन सरकार बनाने के प्रयास तेज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इस्लामाबाद/लाहौर/भाषा।** पाकिस्तान के आम चुनाव में खंडित जनादेश सामने आने के बाद राजनीतिक दलों ने रविवार को गठबंधन सरकार के गठन के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए।

पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को मतदान हुआ था।

पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित किए, जिसमें जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीट पर जीत दर्ज की है।

वहीं, तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की

- इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीट पर जीत दर्ज की
- नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीट जीत
- बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को 54 सीट मिलीं

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीट जीतकर तकनीकी रूप से संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को 54 सीट मिलीं, जबकि विभाजन के दौरान भारत से आए उर्दू भाषी लोगों की मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीट मिली हैं। बाकी 12 सीट पर अन्य छोटे दलों ने जीत हासिल की। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में 266 सीट पर प्रत्यक्ष मतदान से प्रतिनिधियों का चुनाव होता है। इनमें से 265 सीट पर चुनाव कराया गया था। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने इनमें से 264 सीट के नतीजे घोषित कर दिए हैं।

चुनाव नतीजों की घोषणा में असामान्य देरी के कारण कई दलों ने देश भर में हंगामा और विरोध-प्रदर्शन किया।

## अंतिम नतीजों में इमरान खान समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों का दबदबा

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित किए, जिसमें जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीट पर जीत दर्ज की है। वहीं, तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीट जीतकर तकनीकी रूप से संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीट मिलीं, जबकि विभाजन के दौरान भारत से आए उर्दू भाषी लोगों की मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीट मिली हैं। बाकी 12 सीटों पर अन्य छोटे दलों ने जीत हासिल की। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने लड़ी गई 265 सीट में से 264 सीट के नतीजे घोषित कर दिए हैं। बृहस्पतिवार को हुए चुनाव के नतीजों की घोषणा में असामान्य देरी के कारण कई दलों ने देश भर में हंगामा और विरोध-प्रदर्शन किया। पंजाब प्रांत के खुशाब में एनए-88 सीट का परिणाम ईसीपी ने धोखाधड़ी की शिकायतों के कारण रोक दिया था और पीड़ितों की शिकायतों के निवारण के बाद इसकी घोषणा की जाएगी।



## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर अंडर-19 विश्वकप जीता

**बेनोनी/वार्ता।** हरजस सिंह की 55 रनों की अर्धशतकीय पारी और ओलिवर पीक के नाबाद 46 रनों की पारी के बाद महली बियर्डमैन और राफ मैक्मिलन की तीन-तीन विकेटों की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को अंडर-19 विश्वकप के फानइल मुकाबले में भारत को 79 रनों से हरा कर खिताब पर कब्जा कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया ने चौथी बार अंडर-19 विश्वकप का खिताब जीता है।





# एमएसएमई विषय व आयकर भुगतान नियमों पर सम्पन्न हुई कार्यशाला

## 'जीतो' साउथ व मैसूर रेशम कपड़ा व्यापारी परिषद संघ ने किया आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो)साऊथ और मैसूर रेशम कपडा व्यापारी परिषद संघ के संयुक्त तत्त्वावधान में यहां शनिवार को कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम(एमएसएमई) पर आयकर भुगतान नियम संबंधित सेक्शन 43 बी(एच) के प्रभाव पर चर्चा हुई। शहर के एफ़केसीसीआई सभागृह में 400 से अधिक सदस्य प्रत्यक्ष रूप में तथा हजारों ने ऑनलाइन तरीके से कार्यक्रम में भाग लिया।

इस सेमीनार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम से जुडे उत्पादक, खुदरा व्यापारी और व्यापारी समुदाय को उपयोगी जानकारी प्रदान कराने के मकसद से आयकर भुगतान संबंधी सेक्शन 43 बी ( एच) की बाबत परिचर्चा में सीए पदमचंद खींचा और सीए नरेन्द्रकुमार जैन ने एमएसएमई क्षेत्र से जुडे प्रमुख बिंदुओ पर अपने विचार व्यक्त किए। दोनों वक्ताओं ने अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की भूमिका और योगदान पर प्रकाश डाला । सत्र की अध्यक्षता करते हुए खींचा ने बताया कि सहायक इकाइयों के रूप में बड़े उद्योगों के पूरक हैं और यह क्षेत्र देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में बहुत अधिक योगदान देते हैं ।

उन्होंने कहा कि व्यापक अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम ने सकल घरेलू उत्पाद में 27 प्रतिशत का योगदान दिया है । उनके अनुसार वृहद उद्योग द्वारा शोषित होने से बचाव के लिए सख्त नीति नियम ज़रूरी है। सेक्शन 43 बी (एच) को लेकर विस्तृत ब्यौरा नरेन्द्र कुमार जैन ने प्रस्तुत किया।

उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि एमएसएमई से जुडे प्रत्येक व्यापारी के लिए नीति नियमों तथा प्रतिबंधों का अनुपालन ज़रूरी है। उनके अनुसार विधिमान्यता बनाए रखने के लिए वार्षिक पंजीकरण का अपडेट भी अत्यंत ज़रूरी है। जैन ने विविध व्यापार संगठनों से आग्रह किया कि सभी मिलकर सरकार से इस प्रावधान को वापस लेने अथवा इसमें नरमी लाने की दिशा में प्रतिनिधित्व करे।

जीतो बेंगलूरु साऊथ के चेयरमैन दिनेश बोहरा, मुख्य सचिव दीपक श्रीश्रीमाल तथा मैसूर रेशम व्यापारी परिषद संघ के अध्यक्ष महेंद्र के जैन और दिलीप पंजाबी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के संयोजक सीए अक्षय मेहता और सह-संयोजक अशोक मेहता ने धन्यवाद दिया।



# 'जीतो' दावणगेरे में 'अल्पसंख्यक योजना जागरुकता' कार्यशाला आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो केकेजी जोन के सदस्यों ने दावणगेरे जिले में 'उड़ान' की योजना के तहत अल्पसंख्यक योजना जागरूकता 'माइनॉरिटी जागृति' का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अल्पसंख्यक परिवारों को ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना व जानकारी पहुंचाना था। इस कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रुप में केएमडीसी के जिला प्रबंधक मुजम्मिल और एमएसएमई के जिला प्रबंधक राजेंद्र कदम ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए उन्हें स्कॉलरशिप योजना, महिलाओं के लिए लघु उद्योग, मंदिर और भवन निर्माण फंड, विदेश में शिक्षा छात्रवृत्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जोन के अध्यक्ष अशोक सालेचा, महामंत्री दिलीप जैन, संयोजिका कविता जैन का सम्मान दावणगेरे के अध्यक्ष अजीत ओसवाल, संयोजक चन्द्रकांत जैन ने सम्मान किया। इस मौके पर जीतो अल्पसंख्यक पुस्तिका(एप्प) का विमोचन किया गया। इस मौके पर कविता जैन ने कहा कि इस नए सुविधा की जानकारी दी। केकेजी जॉन के अध्यक्ष अशोक सालेचा ने भी योजनाओं के लाभ के बारे में विचार व्यक्त किए। इस मौके पर वक्ताहर्षवर्धन जैन ने संयम और स्वच्छ समाज में जीने का सही तरीके के बारे में बताया।



# भाजपा डरी हुई है, हमें बदनाम कर खत्म करना चाहती है : अरविंद केजरीवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तरन तारन (पंजाब)/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) उनकी पार्टी से डरी हुई है और उसे बदनाम कर खत्म करना चाहती है।

एक निजी कंपनी से बिजली संयंत्र को पंजाब सरकार द्वारा अधिग्रहीत करने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने 'आप' शासित पंजाब के करीब आठ हजार करोड़ रुपए रोक कर रखे हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, आज भाजपा केवल एक पार्टी से डरती है और वह 'आप' है। 'आप' उसे चैन की नींद सोने नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि 10 साल की अवधि में 'आप' ने दिल्ली और पंजाब में सरकार बनाई है और गुजरात व गोवा में उसके विधायक हैं। केजरीवाल ने कहा, जहां भी हम चुनाव लड़ते हैं, वहां अनेक मत हासिल करते हैं। आज भाजपा डरी है कि अगर यह (आप) इसी तरह बढ़ती रही तो केंद्र में भी 'आप' की सरकार होगी। 'आप' नेता ने कहा, हमारी एक ताकत है और वह है स्पष्ट मंशा के साथ ईमानदारी। हम जनता की सेवा करते हैं। हम स्कूल और अस्पताल बनाते हैं, बिजली का अधिकार देते हैं और सड़क बनाते हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ऐसा काम नहीं कर सकती है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा विगत कई सालों से सरकार चला रही है। उन्होंने कहा, पिछले 30 साल से वह गुजरात में सरकार चला रही है और गत 15 साल से मध्य प्रदेश में उसकी सरकार है। वहां एक स्कूल ठीक नहीं है। वे कुछ नहीं करते।

# हमारे पास 225 विधायकों का समर्थन है : अजित पवार



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र में ''कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति'' को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार को बर्खास्त किए जाने की विपक्ष की मांग के बीच राज्य के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा है कि राज्य सरकार के पास 288 सदस्यीय विधानसभा में 225 विधायकों का समर्थन है।

पवार ने शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि जब कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन के महाराष्ट्र में सत्ता होने के दौरान यहां 26 नवंबर, 2008 को आतंकवादी हमले हुए थे, तब ऐसी कोई मांग नहीं की गई थी।

इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता बाबा सिद्दीकी अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में शामिल हुए।

पवार ने कहा, विपक्ष ने आज सरकार को बर्खास्त करने की मांग की। हमारी महायुति (भाजपा-शिवसेना-राकांपा गठबंधन) को 225 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा, कुछ लोग भय का यह माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं कि राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है....जब 26/11 का आतंकवादी हमला हुआ था, तब ऐसी कोई मांग नहीं की गई थी।

पवार ने साथ ही कहा कि विपक्ष ने राज्य में हुई हिंसा की जिन हालिया घटनाओं के कारण उन पर निशाना साधा है, वह उन घटनाओं का बचाव नहीं कर रहे या उन्हें उचित नहीं ठहरा रहे।

शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार पर शनिवार को हमले तेज करते हुए उसे बर्खास्त करने और राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की थी।

शिवसेना (यूबीटी) नेता विनोद घोसालकर के बेटे अभिषेक घोसालकर (40) की बृहस्पतिवार शाम उत्तरी उपनगर बोरीवली (पश्चिम) में एक 'सामाजिक कार्यकर्ता' ने 'फेसबुक लाइव' सत्र के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी। हमलावर मौरिस नोरोन्हा ने कुछ देर बाद खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

इससे पहले दो फरवरी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक गणपत गायकवाड़ ने मुंबई के निकट उल्हासनगर में एक पुलिस थाने के अंदर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक स्थानीय नेता को गोली मार दी थी। इस हमले में शिवसेना नेता गंभीर रूप से घायल हो गए थे।







# नीर संरक्षण जागरुकता रैली में गूंजा 'जल ही जीवन है' का नारा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा नीर संरक्षण अभियान के अंतर्गत सिंगापुर लेआऊट में एक जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में प्रतिभागियों ने 'जल ही जीवन है, जल है तो कल है...' आदि संदेश लिखी तख्तियां लेकर जागरुकता पैदा की।

बीबीएमपी. परिसर में युवाओं द्वारा नीर संरक्षण पर एक नाटिका प्रस्तुत की गई। साध्वी रितुभारतीजी ने कहा कि जल संरक्षण आज के समय में अपरिहार्य है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर भी इसका प्रयास करता है तो यह सराहनीय है।

अपने दैनिक जीवन की गतिविधियों में कुछ सकारात्मक बदलाव करके जैसे फव्वारे या पाईप के बजाय धोने या नहाने के लिये बाल्टी और मग का इस्तेमाल करने से भी जल संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं। साध्वी जी द्वारा इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस रैली में लगभग 300 लोगों ने भाग लिया।

## मंगोलिया में भारत की मदद से बन रही रिफाइनरी 2026 तक चालू हो जाएगी : राजदूत



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत में मंगोलिया के राजदूत डैम्बाजाव गैनबोल्ड ने कहा है कि दक्षिण गोबी में भारत की सहायता से तैयार हो रही तेल रिफाइनरी परियोजना सही दिशा में आगे बढ़ रही है और यह 2026 तक चालू हो जाएगी। उन्होंने हालांकि रिफाइनरी संयंत्र के लिए उत्पादों की आपूर्ति में भारत की ओर से कुछ देरी की बात स्वीकार की। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, बेशक, उत्पादों की आपूर्ति में भारत की ओर से कुछ देरी हुई है, लेकिन कुल मिलाकर परियोजना अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। गैनबोल्ड ने कहा कि यह परियोजना दोनों देशों के संबंधों के लिए महत्वपूर्ण है और इसके पूरा होने का बेसब्री से इंतजार है। प्रधानमंत्री की 2015 में मंगोलिया यात्रा के दौरान इस परियोजना की घोषणा हुई थी। इसके लिए भारत 1.2 अरब डॉलर की ऋण सहायता दे रहा है। हालांकि, कोविड-19 महामारी के चलते रिफाइनरी के निर्माण में देरी हुई है। उन्होंने कहा, रिफाइनरी परियोजना पर काम अच्छा चल रहा है।

# लाल सागर संकट से लागत पर कुछ असर पड़ सकता है : मारुति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** लाल सागर संकट के कारण जहाजों के मार्ग में बदलाव के कारण देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की लागत में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है।

वाहन क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी ने पिछले कैलेंडर साल में लगभग 2.7 लाख कारों का निर्यात किया था। हालांकि, कंपनी ने कहा है कि उसे नहीं लगता कि इस मुद्दे का उसके निर्यात पर कुछ विशेष प्रभाव पड़ेगा। एमएसआई के कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा, लाल सागर मुद्दे के कारण हमें कुछ लॉजिस्टिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जोखिम और वाहनों के मार्ग में बदलाव की वजह से लागत में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन यह उल्लेखनीय नहीं होगी। उन्होंने कहा कि माल निर्यात के समय में कुछ बदलाव हो सकता है। इससे जहाजों के आने और निर्यात के लिए वाहनों के उठाव में कुछ अनिश्चितता देखने को मिल सकती है। भारती ने कहा कि यह एक छोटा मुद्दा है, लेकिन निर्यात कारोबार में एक सामान्य बात है। लाल सागर जलडमरूमध्य वैश्विक कंटेनर यातायात के 30 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 12 प्रतिशत के लिए महत्वपूर्ण है। यूरोप के साथ भारत का लगभग 80 प्रतिशत वस्तुओं का व्यापार इसी मार्ग से होता है। भारती ने कहा कि मारुति सुजुकी ने इस दशक के अंत तक कम से कम 7.5 लाख वाहनों के निर्यात करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका एक अच्छा बाजार बनता जा रहा है और कई कारणों से पश्चिम एशिया क्षेत्र ने हाल काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

# एलआईसी को चौथी तिमाही में 25,464 करोड़ रु. का आयकर रिफंड मिलने की उम्मीद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जीवन बीमा निगम को 25,464 करोड़ रुपए का आयकर रिफंड ऑर्डर मिला है और इसे चालू तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) के दौरान प्राप्त होने की संभावना है। एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने यह जानकारी दी। पिछले महीने आयकर विभाग के आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने 25,464.46 करोड़ रुपए के रिफंड के लिए सूचना जारी की थी। रिफंड पिछले सात मूल्यांकन वर्षों में बीमाधारकों को अंतरिम बोनस से संबंधित है।

मोहंती ने तिमाही नतीजों की घोषणा के दौरान कहा, हम इस मामले को आगे बढ़ा रहे हैं और उम्मीद है कि इसी तिमाही के दौरान आयकर विभाग से रिफंड मिल जाएगा। इस तिमाही के दौरान एलआईसी बाल संरक्षण सहित और अधिक नए उत्पाद पेश करेगी। एलआईसी ने तीसरी तिमाही में जीवन उत्सव, इंडेक्स प्लस और कुछ अन्य पॉलिसी पेश कीं, जिससे नए कारोबार का मूल्य मार्जिन स्तर बढ़ाकर 16.6% करने में मदद मिली। रिफंड से चौथी तिमाही में निगम का शुद्ध लाभ बढ़ने की संभावना है। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी ने पिछले सप्ताह तीसरी तिमाही (अक्टू.-दिसं., 2023) के नतीजों की घोषणा करते बताया कि इस दौरान उसका शुद्ध लाभ 49% उछाल के साथ 9,444 करोड़ रु. रहा है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,334 करोड़ रुपए था।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 के संशोधित अनुमानों के 80 प्रतिशत पर पहुंचा

**नई दिल्ली/भाषा।** चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 15.60 लाख करोड़ रुपए हो गया है। यह राशि 2023-24 के संशोधित अनुमानों का 80 प्रतिशत है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने बयान में कहा, प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़ों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। ऐसे में 10 फरवरी तक प्रत्यक्ष कर संग्रह से पता चलता है कि सकल संग्रह 18.38 लाख करोड़ रुपए है। यह राशि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 17.30% अधिक है।




# दिल्ली हवाई अड्डे पर इंडिगो का विमान 'टैक्सीवे' से आगे बढ़ा, रनवे 15 मिनट रहा बाधित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अमृतसर से इंडिगो का एक विमान रविवार सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद निकास 'टैक्सीवे' को पार कर गया। इसके कारण एक रनवे 15 मिनट से कुछ अधिक समय के लिए बाधित हो गया और उड़ान संचालन प्रभावित हुआ।

एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा कि अमृतसर से दिल्ली जा रहा विमान कम दृश्यता के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद टैक्सीवे से बाहर निकलने से चूक गया। 'टैक्सीवे' हवाई अड्डे पर विमानों के लिए एक रास्ता होता है जो रनवे को एप्रन, हैंगर, टर्मिनल और अन्य सुविधाओं से जोड़ता है।

मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि निर्दिष्ट टैक्सीवे से चूकने के बाद उड़ान संख्या 6ई 2221 का संचालन करने वाला ए320 विमान इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर रनवे 28/10 के अंतिम छोर पर चला गया। सूत्रों ने बताया कि विमान सुबह करीब साढ़े आठ बजे रनवे 28/10 पर उतरा लेकिन निर्धारित टैक्सीवे से बाहर नहीं निकल सका। सूत्रों ने बताया कि इसके परिणामस्वरूप रनवे 15 मिनट से कुछ अधिक समय तक अवरुद्ध रहा। उन्होंने कहा कि विमान को एक ट्रैक्टर की मदद से पार्किंग क्षेत्र में ले जाया गया जिसके बाद रनवे पर सामान्य संचालन शुरू हो सका। एक सूत्र ने कहा कि विमान के हवाई अड्डे पर उतरने के बाद, एक हवाई यातायात नियंत्रक ने पायलट को 'टैक्सीवे के6' पर रनवे खाली करने के लिए कहा। सूत्र ने बताया हालांकि कम दृश्यता के कारण विमान टैक्सीवे पर नहीं जा सका। इंडिगो के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि दृश्यता कम होने के कारण विमान टैक्सीवे से बाहर नहीं निकल पाया।

## कतर की परियोजनाओं में करीब 750 करोड़ रुपए फंसे : वोल्टास

**नई दिल्ली/भाषा।** टाटा समूह की कंपनी वोल्टास को कतर में एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रदीप बख्शी ने कहा कि बकाया मिलने और निष्पादन समयसीमा में देरी के कारण लगभग 750 करोड़ रुपए फंस गए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ परियोजनाओं में ठेकेदारों की बैंक गारंटी को ''अनैतिक रूप से'' भुनाया गया। इससे दिसंबर तिमाही में टाटा समूह की कंपनी के अंतरराष्ट्रीय परियोजना व्यवसाय को नुकसान हुआ। बख्शी ने बताया, उस क्षेत्र में, विशेष रूप से कतर में, उम्मीद के विपरीत चीजें हो रही हैं। वहां दुर्भाग्य से, हमें समय पर हमारा बकाया भुगतान नहीं किया जा रहा है, और अत्यधिक देरी हो रही है। हमने परियोजना पूरी कर ली है और इसे सौंप दिया है, और इसके बावजूद भुगतान नहीं हो रहा है।

# किसानों के रास्ते में कील-कांटे बिछाना अमृतकाल है या अन्यायकाल : प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने किसानों के प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' मार्च से पहले राष्ट्रीय राजधानी की सीमा के पास कुछ स्थानों पर अवरोधक और सड़कों पर कीलें लगाने की खबरों को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस महासचिव ने किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए सड़कों पर बिछाई गई कीलें और कई अवरोधक लगे होने का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए सवाल किया कि किसानों के साथ इस तरह का व्यवहार क्यों किया जा रहा है।

एक अधिकारी ने कहा कि 13 फरवरी को किसानों के मार्च के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर-पूर्वी जिले में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है, जो बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने पर रोक लगाती है। लगभग 200 कृषि संघों द्वारा आयोजित मार्च के तहत उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से बड़ी संख्या में किसानों के मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च करने की संभावना है। किसानों के रास्ते में कील-कांटे बिछाना अमृतकाल है या अन्यायकाल? इसी असंवेदनशील एवं किसान विरोधी रवैये ने 750 किसानों की जान ली थी। किसानों के खिलाफ काम करना, फिर उनको आवाज भी न उठाने देना-कैसी सरकार का लक्षण है?'' किसानों से किया वादा पूरा नहीं किया- न एमएसपी का कानून बनाया, न किसानों की आय दोगुनी हुई - फिर किसान, देश की सरकार के पास नहीं आएंगे तो कहां जाएंगे?'' कांग्रेस नेता ने कहा, प्रधानमंत्री जी! देश के किसानों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों? किसानों से जो वादा किया था, उसे पूरा क्यों नहीं करते?''

## जेपी नड्डा ने द्रमुक की आलोचना की

# 'लोकतंत्र के लिए सम्मान नहीं होने' का आरोप लगाया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) पर विवेक का अभाव'' होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसके पास लोकतंत्र के प्रति मूलभूत सम्मान'' नहीं है। नड्डा ने यहां एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए तमिलनाडु के लोगों को मेहनती बताते हुए उनकी प्रशंसा की जो राज्य को गौरवान्वित करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ द्रमुक का शासन बहुत खराब'' है।

उन्होंने आरोप लगाया, ''द्रमुक नेतृत्व में विवेक का अभाव है, लोकतंत्र के प्रति जरा भी सम्मान नहीं है।'' नड्डा ने कहा, ''जब मैं यहां आया, तो बाजार बंद थे, स्ट्रीट लाइटें बंद थीं, बड़ी संख्या में पुलिस तैनात थी, जिससे मुझे आपातकाल के दिन याद आ गए, लेकिन मैं कहना चाहूंगा, स्टालिन (मुख्यमंत्री एवं द्रमुक अध्यक्ष) वे दिन दूर नहीं जब आप (सत्ता से) बाहर हो जायेंगे।''

इसके अलावा, भाजपा प्रमुख नड्डा ने आरोप लगाया कि पुलिस ने व्यापारियों से 'बाजार बंद' करवा दिए और किसी को भी बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने सवाल किया, ''क्या यह लोकतंत्र है, क्या यह तमिलनाडु की परंपरा है? जब यह तमिलनाडु की परंपरा नहीं थी, तो ऐसे नेताओं (मुख्यमंत्री स्टालिन की ओर इशारा करते हुए) को मुख्यमंत्री के रूप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए सत्ता में नहीं होना चाहिए।''



## विल्लुपुरम में बेहतर सुविधाओं की माँग को लेकर अन्नाद्रमुक 16 को करेगी प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) विल्लुपुरम में विकास परियोजनाएं शुरू करने में कथित तौर पर द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार के नाकाम होने पर 16 फरवरी को प्रदर्शन करेगी।

पार्टी के महासचिव ई.के. पलानीस्वामी ने रविवार को यह जानकारी दी। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी ने विल्लुपुरम जिला प्रशासन से पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक शासन के दौरान शुरू की गई एक परियोजना के हिस्से के रूप में तूफान-जल निकासी प्रणाली का निर्माण करने का आग्रह किया।

पलानीस्वामी ने कहा, 'अन्नाद्रमुक की विल्लुपुरम इकाई 16 फरवरी को द्रमुक सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी और प्रशासन से विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं को शुरू करने का आग्रह करेगी।'

उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री और सांसद सी.वी षणमुगम पार्टी के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे।

## कर्नाटक विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू होगा


**बेंगलूरु।** कर्नाटक विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा और इसके हंगामेदार होने की आशंका है। राज्य के प्रति केंद्र के कथित भेदभाव और मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के नेतृत्व वाली सरकार पर लगे भ्रष्टाचार तथा कुशासन के आरोपों जैसे मुद्दों पर इस सत्र के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी बहस देखने को मिल सकती है। उम्मीद है कि कांग्रेस सरकार इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले राज्यपाल के अभिभाषण और राज्य बजट की प्रस्तुति के माध्यम से अपना एजेंडा प्रदर्शित करने की कोशिश करेगी। जबकि संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने के लिए तैयार विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल (सेक्युलर) राज्य सरकार के खिलाफ आरोपों को उजागर करके उसकी छवि को दागदार साबित करने की कोशिश करेंगे। दस दिवसीय बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल थावरचंद गहलोत के संबोधन के साथ शुरू होगी। वह राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया 16 फरवरी को अपना रिकॉर्ड 15वां बजट पेश करेंगे।

## बीजेपी कर्नाटक में गारंटी योजनाओं को विफल करने की कोशिश कर रही है : सिद्दरामैया

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा राज्य में गारंटी योजनाओं को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। यदि गारंटी योजनाओं पर कोई आपत्ति है तो भाजपा नेताओं को तुरंत अपना विरोध स्पष्ट रूप से बताना चाहिए और भाजपा शासित राज्यों में घोषणा करनी चाहिए कि सभी मौजूदा गारंटी योजनाएं बंद कर दी जाएंगी। सिद्दरामैया ने सवाल किया कि इसके बजाय, भाजपा नेता कर्नाटक में गारंटी योजनाओं को अस्थिर करने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? क्या उनके मन में कर्नाटक के लोगों के प्रति नफरत है? अब, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जो कर्नाटक पहुंचे हैं, ने गारंटी योजनाओं के कारण खजाना खाली है कहकर राज्य सरकार के प्रति अपनी ईर्ष्या व्यक्त की है। उन्होंने कहा, अगर यह अमित शाह की दृढ़ राय है, तो उन्हें मेरे साथ सार्वजनिक बहस में भाग लेना चाहिए।

सिद्दरामैया ने कहा, मैं साबित कर सकता हूं कि गारंटी योजनाओं के कारण हमारा खजाना खाली नहीं है; इसकी बजाय, केंद्र से राज्य को करों का अनुचित वितरण हो रहा है। यह अमित शाह के लिए भी चुनौती है। मुख्यमंत्री ने कहा,कर्नाटक के बारे में बात करते समय जो भाजपा नेता हमारे राज्य में गारंटी योजनाओं का विरोध करते हैं, उन्हीं गारंटी योजनाओं को उन राज्यों में लागू करने का वे वादा कर रहे हैं जहां उनका शासन है। हमारी गारंटी योजनाओं का विरोध करने वाले माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब न केवल हमारी गारंटी योजनाओं बल्कि 'गारंटी' नाम को भी चुरा लिया है और उसी नाम से विज्ञापन कर रहे हैं। यह उस पार्टी के गरीब विरोधी रुख और बौद्धिक दिवालियापन को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह, जो हमारी गारंटी योजनाओं के खिलाफ बोलते हैं, कन्नडिगाओं के प्रति तिरस्कार दिखाते हैं। कन्नड़ झंडे का विरोध, हिंदी थोपने का प्रयास और नंदिनी के बजाय अमूल को फायदा पहुंचाने की साजिश ये सभी अमित शाह की उपलब्धियां हैं।

## द्रमुक स्टालिन का आह्वान 'अधिकार वापस पाओ' अभियान की शुरुआत करेगी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने रविवार को कहा कि वह इस महीने के उत्तरार्द्ध में राज्य और पड़ोसी केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्टालिन का आह्वान 'अधिकार वापस पाओ' नाम से अभियान शुरू करेगी। पार्टी ने यहां जारी बयान में कहा कि 16,17 और 18 फरवरी को तमिलनाडु और पुडुचेरी में मंत्री, सांसद और पार्टी पदाधिकारी सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करेंगे। बयान के मुताबिक पार्टी के वरिष्ठ नेता आई पेरियासामी 16 फरवरी को शिवगंगा में अभियान की शुरुआत करेंगे जबकि उसी दिन सांसद कनिमोई, तिरुनेलवेली में सभा को संबोधित करेंगी। राज्य के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन 17 फरवरी को रामनाथपुरम में जनसभा को संबोधित करेंगे। बयान के मुताबिक, 17 फरवरी को पार्टी के अनुभवी नेता और पार्टी महासचिव दुरईमुरुगन, कृष्णनागिरी में और टी आर बालू, तिरुचिरापल्ली में जनसभा को संबोधित करेंगे जबकि आरएस भारती 18 फरवरी को पुडुचेरी में लोगों को संबोधित करेंगे।

बयान के मुताबिक, 'स्टालिन का आह्वान अधिकार वापस पाओ' (उरीमैगलाई मीटका स्टालिन-इन कुरल) अभियान पिछले 10 वर्षों में भाजपा द्वारा तमिलनाडु के साथ किए गए अन्याय और विपक्षी अन्नाद्रमुक द्वारा राज्य के अधिकारों की रक्षा नहीं करके लोगों को धोखा दिए जाने पर केंद्रित होगा।

## द्रमुक ने 'वॉर रूम' की घोषणा की, पार्टी के अधिवक्ता करेंगे इसका संचालन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम(द्रमुक) ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को 'वॉर रूम' की घोषणा की। इस 'वॉर रूम' का नेतृत्व पार्टी के लिए कार्यरत अधिवक्ताओं की टीम करेगी जो पदाधिकारियों के समन्वय से स्थानीय स्तर पर मुद्दों का समाधान करेंगे।

द्रमुक ने कहा कि राज्य-स्तरीय वॉर रूम के अलावा जिलास्तरीय 'वॉर रूम' भी स्थापित किए जाएंगे, जिसमें समन्वयकों का त्रिस्तरीय नेटवर्क होगा। जिला स्तर, संसदीय निर्वाचन क्षेत्र और 'फ्रंट' (एक ही पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र ) के स्तर पर एक-एक समन्वयक होंगे। पार्टी ने कहा कि 33 अधिवक्ताओं की एक टीम 'वॉर रूम' (मुख्यालय) का संचालन करेगी।

इसके साथ ही पार्टी ने 'चुनावी मामलों' के लिए अधिवक्ताओं की एक तीन सदस्यीय टीम भी नामित की है।

इसके अलावा चुनावों के संबंध में वैधानिक अनुपालन और चुनाव आयोग को दिए जाने वाले अभ्यावेदन से संबंधित मामलों पर समन्वय के लिए दो सदस्यीय कानूनी टीम का भी गठन किया गया है।

## मैं कांग्रेस का वफादार हूं, हाईकमान का गुलाम नहीं : मंत्री राजन्ना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** कर्नाटक के सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना ने रविवार को कहा कि वह कांग्रेस के वफादार हैं, पार्टी आलाकमान के गुलाम नहीं हैं। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के करीबी माने जाने वाले राजन्ना ने कहा, 'मेरा आलाकमान मेरे लोग हैं। मैं कांग्रेस का वफादार हूं, लेकिन आलाकमान का गुलाम नहीं। उन्होंने कहा कि लोगों को उनके आचरण की सराहना करनी चाहिए।'

राजन्ना ने कहा, 'मैं आलाकमान से नहीं डरता। मैं खुद हाईकमान हूं। मेरे लिए कोई आलाकमान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और वह हमेशा उनके पद का सम्मान करेंगे।'

उन्होंने कहा, मैं उनके फैसलों को कभी चुनौती नहीं दूंगा। राजन्ना ने पहले भी राज्य में उपमुख्यमंत्री के अधिक पदों के सृजन की वकालत की थी, जिसे प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने नापसंद किया था।

### मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



रविवार को बेंगलूरु में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने राज्य के लगभग 218 किसान संगठनों के प्रतिनिधियों और किसान नेताओं के साथ वर्ष 2024-25 के लिए बजट पूर्व चर्चा की। इस मौके पर पशुपालन मंत्री वेंकटेश, मुख्यमंत्री के सलाहकार बी.आर. पाटिल, कृषि विपणन मंत्री शिवानंद पाटिल, विधायक दर्शन पुट्टन्नैया, अतिरिक्त मुख्य सचिव और विकास आयुक्त डॉ. शालिनी रजनीश, किसान संगठनों के नेता बडगलापुरा नागेंद्र, एच.आर. बसवराजप्पा, वीरसंगैया, चुक्की नंजुंदास्वामी, मंड्या जिले के 218 नेता रैयत हितरक्षण समिति की नेता सुनंदा जयराम सहित विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## सिद्दरामैया ने शाह को गारंटी योजनाओं पर खुली बहस की चुनौती दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने राज्य की यात्रा पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को खुली बहस की चुनौती देते हुए रविवार को कहा कि वह यह साबित कर सकते हैं कि गारंटी योजनाओं की वजह से राज्य का खजाना खाली नहीं हुआ है। रविवार को सुबह मैसूरु पहुंचे शाह चामुंडेश्वरी मंदिर गए और आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा के लिए राज्य भाजपा के नेताओं के साथ बैठकों में भाग लेने से पहले एक मेले में शिरकत की। सिद्दरामैया ने गारंटी योजनाओं के कारण राज्य सरकार का खजाना खाली होने के शाह के कथित दावे पर पलटवार करते हुए कहा, अगर यह अमित शाह का दावा है, तो उन्हें मेरे साथ खुली बहस करनी चाहिए। मैं साबित कर सकता हूं कि गारंटी योजनाओं की वजह से हमारा खजाना खाली नहीं है। इसकी बजाय, केंद्र की तरफ से राज्य को करों का अनुचित वितरण किया जा रहा है। यह गृह मंत्री शाह के लिए भी एक चुनौती है।

## अमित शाह ने मैसूरु में किया मां चामुंडेश्वरी का दर्शन पूजन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मैसूरु।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां चामुंडी हिल्स पहुंचे और मैसूरु की अधिष्ठात्री देवी चामुंडेश्वरी के दर्शन और पूजन किये। शाह के साथ केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र भी थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शाह ने पुजारियों द्वारा संस्कृत श्लोकों के उच्चारण के बीच चामुंडेश्वरी की पूजा करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की, जिन्हें नाद देवता (राज्य देवता) भी माना जाता है।

शाह ने पूजा-अर्चना के बाद मंदिर की 'प्रदक्षिणा' की। 'चामुंडी' या 'दुर्गा' के नाम से जानी जाने वाली देवी 'शक्ति' का उग्र रूप है और उन्होंने राक्षसों 'चंड' और 'मुंड' और भैंस के सिर वाले राक्षस 'महिषासुर' का वध किया था। गृहमंत्री शाह के दौरे के लिए मंदिर के आसपास और शहर से मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। अधिकारियों ने कहा कि 1,000 साल से अधिक पुराना यह मंदिर शुरू में एक छोटा मंदिर था और सदियां गुजरने के साथ ही इसका महत्व बढ़ गया और यह एक प्रमुख पूजा स्थल बन गया।

उन्होंने कहा कि 1399 ईस्वी में मैसूरु महाराजाओं, वोडेयार के सत्ता में आने के बाद इसका महत्व बढ़ गया क्योंकि वे चामुंडेश्वरी के बड़े भक्त और उपासक थे। रविवार तड़के इस शहर में पहुंचे शाह ने दिन की शुरुआत में सुत्तुरु जातरा (मेला) में भाग लेने के लिए यहां के निकट सुत्तुरु का दौरा किया। बाद में दिन में, उनका प्रदेश भाजपा कोर समिति के सदस्यों और मैसूरु के पार्टी नेताओं के साथ बैठकों में भाग लेने का कार्यक्रम है। इस साल होने वाले संसदीय चुनावों से पहले ये बैठकें महत्व रखती हैं।

भाजपा और जनता दल (एस) जदएस ने गठबंधन बनाया है और कर्नाटक में लोकसभा चुनाव एकसाथ लड़ने का फैसला किया है। दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत जारी है। भाजपा ने 2019 के चुनावों में कर्नाटक की कुल 28 लोकसभा सीटों में से 26 पर जीत हासिल की थी, जिसमें मंड्या से पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय सुमलता अंबरीश भी शामिल थीं। कांग्रेस और जदएस ने एक-एक सीट हासिल की थी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी संस्कृति व विरासत को पुनर्जीवित किया व उन्हें विश्व मानचित्र पर रखा : शाह

**मैसूरु।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की संस्कृति और विरासत को पुनर्जीवित किया है और उन्हें विश्व मानचित्र पर स्थापित किया। सुत्तूर मठ में एक गेस्ट हाउस का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए, शाह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी सांस्कृतिक विरासत को विश्व मानचित्र पर रखा है और सम्मान दिलाया है। अयोध्या में राम मंदिर, काशी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर और केदारनाथ और बद्रीनाथ तीर्थस्थलों के कायाकल्प सहित, प्रधानमंत्री मोदी ने कई सांस्कृतिक केंद्रों को पुनर्जीवित किया है।



गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ इसे समृद्ध बनाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि मोदीजी ने योग, आयुर्वेद और भाषाओं के संरक्षण पर भी ध्यान दिया। मैं स्वामीजी, स्वयं और भाजपा के प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता को बताना चाहता हूं कि हम मठ द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को सम्मान और भक्ति के साथ देखेंगे। आने वाले दिनों में, भाजपा समाज सेवा की दिशा में मठ के सभी प्रयासों का समर्थन करेगी और उन्हें लोगों के सामने पेश करेगी, अमित शाह ने कहा। उन्होंने अयोध्या में सुत्तूर मठ की एक शाखा खोलने के निर्णय के लिए पोप को बधाई भी दी। प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने कहा कि सुत्तूर मठ में अमित शाह के आगमन से न केवल दक्षिण कर्नाटक बल्कि पूरे राज्य में हलचल मच गई है। उन्होंने कहा, कर्नाटक मठों की भूमि है, और उन्होंने सभी क्षेत्रों में राज्य के लिए योगदान दिया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सुत्तूर मठ के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त की है। अमित शाह के नेतृत्व में, देश जिन मुद्दों का सामना कर रहा है, उनका समाधान खोजा गया है। इस मौके पर सुत्तूर मठ के पुजारी शिवरात्रि देशीकेंद्र स्वामीजी, केंद्रीय खान, कोयला और कानून मंत्री प्रल्हाद जोशी, विपक्ष के नेता आर. अशोक, पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि और पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रभाकर कोरे उपस्थित थे।



# राजस्थान पुलिस अलग अंदाज में लोगों के साथ मना रही है 'वैलेंटाइन वीक'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने महिलाओं, बच्चों समेत सभी लोगों को अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया पर 'वैलेंटाइन वीक' नाम से एक अनूठी श्रृंखला चलायी है। 'वैलेंटाइन वीक' को प्यार से जोड़ने के बजाय पुलिस ने लोगों को हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक किया है। सोशल मीडिया मंच पर संदेशों की एक श्रृंखला में बताया गया है कि चाहे महिलाएं हों या बच्चे, साइबर अपराध के पीड़ित हों या भ्रष्टाचार के शिकार, वे हेल्पलाइन नंबर से तत्काल मदद प्राप्त कर सकते हैं।

आठ पोस्ट की इस श्रृंखला को 'वैलेंटाइन विद हेल्पलाइन' नाम दिया गया है। सात फरवरी को 'रोज डे' के मौके पर शुरू किए गए इस अभियान के पहले दिन शायराना अंदाज में उपद्रवियों को चेतावनी दी गई है। इसमें कहा गया है कि अगर 'रोज डे' पर लड़कियों को कोई जबरन गुलाब देता है तो पुलिस उसे सबक सिखाने के लिए तैयार है। अगर कोई ऐसा करता है तो हेल्पलाइन नंबर 1090 पर शिकायत की जा सकती है। इसे दिलचस्प तरीके से समझाते हुए पुलिस ने हिंदी में लिखा है, उसे जबरन गुलाब-ए-गुल दे दिया, उसने हेल्पलाइन 1090 पर फोन किया और हमने सबक सिखा दिया।

इसी तरह दूसरी पोस्ट में साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी देते हुए सावधानी बरतने को कहा गया है। इसमें साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 का जिक्र करते हुए एक कविता लिखी गई है कि, उसने किया प्रपोज और पासवर्ड-ओटीपी ले लिया। पल भर में वफ़ा के नाम पर बैंक का खाता खाली कर दिया। जागरूकता हेल्पलाइन नंबर में 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1064 (भ्रष्टाचार के लिए हेल्पलाइन), 1098 (बाल सहायता), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन), 18001801253 (वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन) शामिल हैं। राजस्थान पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, आमजन के लिए सेवाओं को और विकसित करते हुए डिजिटल माध्यमों से नागरिकों और पुलिस के बीच एक मजबूत सेतु बनाने का विनम्र प्रयास। इस डिजिटल माध्यम से कानून व्यवस्था से संबंधित आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान।

पुलिस विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यह लोगों को जोड़ने का एक रचनात्मक तरीका है और इस तरह की पहल से जागरूकता बढ़ी है। इन पोस्ट को एक्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम सहित विभिन्न सोशल मीडिया मंच पर साझा किया गया है।

# राजस्थान अपने महलों, विरासत स्थलों, इंफ्रास्ट्रक्चर व इको-टूरिज्म आदि के लिए प्रसिद्ध : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को मुम्बई ओटीएम समापन और पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि राजस्थान अपने महलों, विरासत स्थलों, इंफ्रास्ट्रक्चर व इको-टूरिज्म आदि के लिए प्रसिद्ध है। ओटीएम में पर्यटन विभाग की भागीदारी ने राजस्थान में विदेशी पेशेवरों के लिए पर्यटन विकास के दरवाजे खोल दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ने मुम्बई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में कहा कि ओटीएम एशिया में अग्रणी ट्रैवल ट्रेड शो है। इसका आयोजन इस बार 8 से 10 फरवरी तक जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में किया गया है। राजस्थान पर्यटन को इससे काफी बढ़ावा मिलेगा ।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान पर्यटन ने कई शहरों में जी-20 बैठकों की मेजबानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।उदयपुर, जोधपुर और जयपुर में राज्य की पर्यटन क्षमता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने और बढ़ावा देने के लिए भारत के एमआईसीई हब के रूप में राजस्थान की छवि को और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि राजस्थान में पर्यटन और संबद्ध उद्योग और व्यापार राज्य की अर्थव्यवस्था का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है और रोजगार सृजन, क्षेत्रीय विकास, बुनियादी ढांचे के विकास और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने आदि जैसे आर्थिक लाभ प्रदान करता है। 2022 में, राज्य ने अपनी स्थिति में सुधार करते हुए घरेलू और विदेशी दोनों पर्यटकों के लिए 7वां स्थान हासिल किया। हालिया आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2023 में राज्य में आने वाले आगंतुकों की संख्या काफी रही। 17.90 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटकों की मेजबानी, साथ ही लगभग 17 लाख विदेशी आगंतुकों का आगमन, मेहमानों की विविध श्रृंखला को दर्शाता है।

ओटीएम में राजस्थान टूरिज्म को सर्वश्रेष्ठ डिजाइन और सजावट का पुरस्कार मिला। जिस पर उप मुख्यमंत्री ने खुशी जताई। राजस्थान के पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों और ट्रैवल एजेंट्स ने डिप्टी सीएम से मुलाकात की और राजस्थान पर्यटन के विकास में गहरी रुचि दिखाई। इस आयोजन में पूरे राजस्थान से ट्रैवल एजेंटों ने भाग लिया।

# सिंधी समाज को राष्ट्र के विकास में निभानी होगी सक्रिय भागीदारी : वासुदेव देवनानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर/नागपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सिंधी समाज को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। देवनानी ने रविवार को नागपुर में सिंधी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज व्यापार और उद्योग में अग्रणी है । उन्होंने कहा कि हम सभी को भारतीय संस्कृति का वाहक बनना होगा। देवनानी ने कहा कि हमें अपनी मातृभूमि पर गर्व होना चाहिए। सिंधी भाषा प्राचीन और मधुर भाषा है। उन्होने सिंधी भाषा के विकास पर चर्चा करने की आवश्यकता जताई।

उन्होंने कहा कि सिंधी समाज को देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में आगे लाने के लिए प्रयास करने होंगे।

उन्होंने कहा राष्ट्रगान में भी सिंध का उल्लेख है। यह हमारी पहचान है और हम अंतरात्मा के साथ देश के विकास से जुड़े हुए हैं । देवनानी ने कहा कि गरीबों के उत्थान में समाज मदद करें । भारत विश्व गुरु था, है और रहेगा। समाज को देश के सभी क्षेत्र के विकास में योगदान देना होगा। नागपुर में सिंधी समाज द्वारा दिए गए स्नेह और सम्मान के लिए देवनानी ने आभार व्यक्त किया।

भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी समाज द्वारा राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का अभिनन्दन किया गया । इस अवसर पर भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय संरक्षक घनश्याम कुकरेजा, संत शनम्मुख दास उदासी, संत दामोदरदास, संत तुलसी दास खुशलानी, प्रमिला मुथरानी सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।



# खिलाड़ियों को क्रीड़ा भावना से खेलकर विजेता बनना चाहिए : सुरेश सिंह रावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा है कि खिलाड़ियों को क्रीड़ा भावना से खेलकर विजेता बनना चाहिये। रावत आज यहां अन्तर जिला सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता 2023-24 का शुभारम्भ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अजमेर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होना गर्व की बात है। कार्मिक विभाग के तत्वावधान में जिला प्रशासन ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए उत्तम व्यवस्थाएं की है। प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपने जिले का नाम रोशन करने के लिए खेलें। क्रीड़ा भावना से खेलकर विजेता बनने का अपना अलग ही आनन्द होता है। उन्होंने कहा कि गत प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अपनी विजय को सतत रखने के लिए खेलना चाहिए। साथ ही विजित खिलाड़ी अपनी कमियों को दूर कर विजेता बनने का प्रयास इस प्रतियोगिता में करेंगे , ऐसी भावना होनी ही चाहिए।

रावत ने कहा कि खेल प्रत्येक उम्र के व्यक्ति के जीवन में नई ऊर्जा भरता है। प्रत्येक व्यक्ति को खेल को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। सरकार ने योग को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। इससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है। सिविल सेवा के कार्मिकों के लिए कार्य की अधिकता रहती है। इस प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिता उन्हें कार्यालयी कार्य करने के लिए नया वातावरण प्रदान करेगी। कार्मिकों की कार्य क्षमता में भी वृद्धि होगी। राजकीय कार्य भी पूरी दक्षता से करेंगे।

इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने कहा कि इस प्रकार के राज्य स्तरीय खेलों से पूरा राजस्थान एक जगह आ जाता है। अधिकारियों और कार्मिकों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है।

# वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी साहू बने राजस्थान के पुलिस महानिदेशक नियुक्त

जयपुर। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी उत्कल रंजन साहू को राजस्थान का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। कार्मिक विभाग ने शनिवार रात इस बारे में आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार महानिदेशक व कमांडेंट जनरल (होमगार्ड) उत्कल रंजन साहू को राजस्थान का पुलिस महानिदेशक (पुलिस फोर्स प्रमुख) नियुक्त किया जाता है। यह नियुक्ति दो साल के लिए या आगामी आदेश तक की गई है। दरअसल 29 दिसंबर को साहू को राज्य के डीजीपी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था जब राज्य के तत्कालीन डीजीपी उमेश मिश्रा ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। आदेश के अनुसार साहू को भारतीय पुलिस सेवा के अपेक्स स्केल (पे मैट्रिक्स में लेवल 17) पर पदोन्नत किया जाता है।

# भाजपा की राजस्थान में भी आज से शुरू होगी ग्राम परिक्रमा यात्रा : तिवारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केंद्र सरकार के विकास कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देशभर में बारह फरवरी से एक महीने तक ग्राम परिक्रमा यात्रा के रूप में अभियान चलाएगी और इसके तहत राजस्थान में भी सभी जगहों पर सोमवार से यह यात्रा शुरु होगी। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी ने रविवार को यहां मीडिया को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के किसान मोर्चा को इस अभियान को चलाने का जिम्मा मिला है और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा 12 फरवरी को दोपहर साढ़े बारह बजे उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर के शुक्रताल से ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ करेंगे। किसानों एवं मजदूरों की आकांक्षाओं को जानने के उदेश्य से एक महीने चलने वाली ग्राम परिक्रमा यात्रा में भाजपा सरकार के विकास कार्यों की जानकारी को देश के दो लाख से अधिक गांवों में पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

तिवारी ने बताया कि इसी के तहत राजस्थान में भी इसी दिन से अभियान का शुभारंभ होगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के के शुभारंभ का सीधा प्रसारण देश के सभी संगठनात्मक जिलों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक संगठनात्मक जिले में होने वाले सीधे प्रसारण समारोह में हजारों की संख्या में किसानों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में 44 संगठनात्मक जिलों में यह यात्रा शुरु होगी।



उन्होंने बताया कि खासकर गांवों में किसान-मजदूर तक केंद्र की मोदी सरकार की किसान हितैषी गारंटी योजनाओं के बारे में जागरूक उन्हें लाभांवित करने के लिए भाजपा 12 फरवरी से एक महीने तक इस अभियान को चलायेगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान में यह यात्रा 15 फरवरी के बाद अपनी गति पकड़ेगी और प्रदेश के 44 संगठनात्मक जिलों में मोदी सरकार की जनहित की योजना को जनता तक पहुंचाया जायेगा।

इस राष्ट्रव्यापी अभियान को सफल बनाने के लिए किसान मोर्चा ने प्रदेश एवं जिला स्तर पर समितियां गठित की हैं, जिसमें छह सदस्यीय प्रदेश समिति में संयोजक के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी, सदस्य मोर्चा के महामंत्री ओ पी यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष खीमाराम चौधरी एवं गणपत सिंह राठौड़, प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश ढाका एवं प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी गुरजंट सिंह धालीवाल को शामिल किया गया है। इसके अलावा जिलों की जिला समिति में आठ सदस्य होंगे, इनमें मोर्चा के जिलाध्यक्ष संयोजक, पांच कार्यक्रम प्रभारी, जिला मीडिया प्रभारी एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी सदस्य होंगे।

## रवानगी



बीकानेर में रविवार को श्रीराम जन्मभूमि दर्शन तीर्थ यात्रा कार्यक्रम को लेकर रामभक्तों को अयोध्या दर्शन हेतु आस्था ट्रेन को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ के प्रदेश संयोजक व प्रदेश महामंत्री जगवीर छाबा, महापौर श्रीमती सुशीला राजपुरोहित, विधायक डॉ विश्वनाथ मेघवाल, जेठानंद व्यास एवं श्री कैलाश सियागजी ने भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया।



# अधिकारी लोक हित में पूरी संवेदनशीलता और अनुशासन के साथ करें काम : जोगाराम पटेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने कहा है कि प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के निराकरण के साथ ही समग्र जन कल्याण और सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इन प्रयासों में कहीं कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। केबिनेट मंत्री ने यह बात रविवार को जोधपुर सर्किट हाऊस में जनसुनवाई के दौरान कही। उन्होंने आम जन की समस्याओं को सुना तथा इनके बारे में संबंधित अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए उनके संतोषपूर्ण एवं त्वरित समाधान के लिए व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

श्री जोगाराम पटेल ने कहा कि जनता तथा क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के प्रति अधिकारी गंभीरता बरतें तथा जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए सुशासन से परिपूर्ण राज-काज का आदर्श प्रस्तुत करें। इसके लिए विभागीय स्तर पर जन समस्याओं के निस्तारण की आरंभिक पहल करें ताकि क्षेत्रवासियों की समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द हो सके और इसके लिए उन्हें किसी प्रकार की देरी का सामना न करना पड़े। केबिनेट मंत्री श्री पटेल ने कहा कि बुनियादी लोक सेवाओं तथा जन सुविधाओं की नियमित एवं निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना विभागीय अधिकारियों का सर्वोपरि दायित्व है, जिसे उन्हे पूरी संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करना चाहिए ताकि सुशासन के संकल्पों को साकार किया जा सके। आम जन की समस्याओं को तसल्ली से सुनते हुए उन्होंने विश्वास दिलाया कि समस्याओं का यथोचित समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

# जेल प्रहरी ने रिवॉल्वर से खुद को गोली मार की आत्महत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

झुंझुनू। राजस्थान में झुंझुनू की जिला जेल में तैनात मुख्य जेल प्रहरी हेड कॉन्स्टेबल ने रविवार को रिवॉल्वर से अपने सिर में गोली मारकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। कोतवाली थाना प्रभारी राम मनोहर ठोलिया ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जेल में मुख्य जेल प्रहरी कृष्ण कुमार (45) ने खुद के सिर में रिवॉल्वर से गोली मार ली है। जिसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर घटना का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि झुंझुनू जेल से इसके बाद बॉडी को बीडीके हॉस्पिटल लाए। जहां मेडिकल बोर्ड गठित कर पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। किन हालात में मौत हुई और आत्महत्या का कारण क्या रहा, इसकी जांच करेंगे। हालांकि जेल प्रशासन का कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। झुंझुनू जिले की अलसीसर तहसील के जवाहरपुरा गांव निवासी कृष्ण कुमार झुंझुनू जेल में हेड कॉन्स्टेबल था। जेल सूत्रों के अनुसार जेल परिसर में ही सुबह करीब 10.30 बजे गोली चलने की आवाज आई। स्टाफ के सदस्य दौड़ देखा तो हथियार रूम में हेड कॉन्स्टेबल कृष्ण कुमार अचेत पड़ा था। कृष्ण कुमार के हाथ में पिस्टल थी। उसके सिर में गोली लगी हुई थी। उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उसे डाक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया। हेड कॉन्स्टेबल कृष्ण कुमार के शव को बीडीके हास्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट किया गया है।

# भजनलाल की सौगात, कनिष्ठ सहायक के 3552 पदों पर होगी भर्ती

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं को रोजगार के लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कनिष्ठ सहायक के तीन हजार 552 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए हैं। इन पदों में गैर अनुसूचित क्षेत्र के दो हजार 788 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 764 पद शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि लेखानुदान (बजट) 2024-25 में राज्य सरकार ने 70 हजार सरकारी नौकरियों पर भर्ती की घोषणा की थी, जिसकी क्रियान्विति पर राज्य सरकार ने काम भी शुरू कर दिया है। बजट में प्रत्येक संभाग में रोजगार मेलों और उच्च शिक्षण संस्थानों में कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन करने जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गई हैं।



# आमजन तक विधिक सहायता पहुँचाने के लिये हम सभी प्रतिबद्ध : श्रीवास्तव

जयपुर/दक्षिण भारत । राजस्थान उच्च न्यायालय की प्लेटिनम जुबली समारोह के उपलक्ष्य में रविवार की सुबह माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव जी के मुख्य आतिथ्य में रन फोर लीगल एड स्मॉल डिस्टेंस मेराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन का आयोजन उच्च न्यायालय परिसर, झालामंड से शुरु होकर शताब्दी सर्कल, झालामंड सर्कल से राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी तक किया गया। मैराथन का आग़ाज मुख्य न्यायाधिपति मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बैलून उड़ाकर व हरि झंडी दिखाकर किया।

मुख्य न्यायाधिपति मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि 'रन फोर लीगल एड' के आयोजन का उद्देश्य यह है कि ग़रीब वर्ग किसी भी आर्थिक व सामाजिक वजह से न्याय से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से ये संदेश देना चाहते है कि आम जनता तक विधिक सेवा पहुँचाने के लिये हम सभी प्रतिबद्ध व संकल्पित है। हम समाज के हर व्यक्ति तक विधिक जागरूकता पहुँचाने के लिए पूर्ण रूप से प्रयासरत है। दिव्यांगजन तक भी विधिक संबंधी सभी जानकारियां व सुविधायें उपलब्ध करवाने के लिए भी हम पूर्ण रूप से प्रयासरत है।

# ‘भक्ति-शक्ति’ के संगम से अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे (महाराष्ट्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि ''भक्ति और शक्ति'' के संगम से ''500 साल की गुलामी की गाथा'' को तोड़कर अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है।

महाराष्ट्र में पुणे जिले के आलंदी में गीता भक्ति अमृत महोत्सव को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने मुगल सम्राट औरंगजेब की सत्ता को चुनौती देने के लिए मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की भी प्रशंसा की। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में इस साल 22 जनवरी को एक भव्य समारोह में राममला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई। आदित्यनाथ ने कहा कि आज ''शक्ति और भक्ति'' एक-दूसरे से मिल रही है। उन्होंने कहा, भक्ति और शक्ति के संगम से 500 साल की गुलामी की गाथा तोड़कर अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। हमें इस अभूतपूर्व क्षण को देखने का अवसर मिला। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र के लोग सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें सैकड़ों वर्षों से संतों का आशीर्वाद मिलता रहा है।

उन्होंने कहा, भक्ति से निकली यह शक्ति शत्रुओं को परास्त कर रही है। समर्थ रामदास ने इस धरती से छत्रपति शिवाजी महाराज को खड़ा किया, जिन्होंने मुगल शासक औरंगजेब की सत्ता को चुनौती दी और उसे तड़पने तथा मरने के लिए छोड़ दिया।

उन्होंने कहा कि पूज्य संतों से निकटता के कारण महाराष्ट्र वीरता की भूमि है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के रूप में भक्ति और शक्ति का मिश्रण देखा जा सकता है। आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने के बाद वह आगरा गए थे।

उन्होंने कहा, एक ‘मुगल संग्रहालय’ बनाया जा रहा था। मैंने कहा कि संग्रहालय का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर होना चाहिए, क्योंकि हम उनसे जुड़े हैं न कि मुगलों से।

आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में एक रक्षा गलियारे की घोषणा की है और यह भी छत्रपति शिवाजी महाराज को समर्पित है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि देश के सशस्त्र बल आत्मनिर्भर होने का उद्देश्य हासिल कर रहे हैं।

## गांव चलो अभियान में उत्तर प्रदेश के सभी मंत्री, सांसद गांवों में प्रवास करेंगे : भूपेन्द्र सिंह



**लखनऊ/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने रविवार को कहा कि पार्टी के ‘गांव चलो अभियान’ के तहत प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्षों सहित अन्य जनप्रतिनिधि गांवों में प्रवास करेंगे। सिंह ने भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर संवाददाताओं से कहा कि सात फरवरी से शुरू हुए ‘गांव चलो अभियान’ के तहत 10 फरवरी तक प्रदेश के 47,500 गांवों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह खुद और प्रदेश के मुख्यमंत्री भी अभियान के तहत गांवों में प्रवास करेंगे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रानीमऊ गांव (अयोध्या) और ब्रजेश पाठक बघौरा गांव (बाराबंकी) में 11 फरवरी रविवार को प्रवास पर रहेंगे।

भाजपा मुख्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार चौधरी ने कहा कि पार्टी के किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश में ‘गांव परिक्रमा अभियान’ भी शुरू किया जा रहा है। प्रदेश की 50 हजार ग्राम सभाओं से संपर्क करने के साथ ‘ग्राम परिक्रमा अभियान’ की शुरुआत सोमवार 12 फरवरी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा मुजफ्फरनगर के मोरना खंड शुक्रताल से करेंगे और जन चौपाल में भी सहभागिता करेंगे।

इसमें कहा गया कि भूपेन्द्र सिंह ने ‘गांव चलो अभियान’ के तहत प्रदेश में 1,72,000 स्थानों पर प्रवास का लक्ष्य तय किया है।



## भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली समय की मांग है : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**टंकारा (गुजरात)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली समय की मांग है। मोदी ने आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर गुजरात के मोरबी जिले में उनके जन्मस्थल टंकारा में आयोजित एक कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने समाज सुधारक दयानंद सरस्वती की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने उस समय भारतीय समाज से वेदों की ओर लौटने का आह्वान किया था जब लोग गुलामी में जकड़े हुए थे और देश में अंधविश्वास फैला हुआ था। उन्होंने कहा, स्वामी दयानंद सरस्वती ने उस समय हमें यह दिखाया कि हमारी रूढ़ियों और सामाजिक बुराइयों ने हमें किस प्रकार नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा, भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा व्यवस्था समय की मांग है। आर्य समाज विद्यालय इसका केंद्र रहे हैं। देश अब राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से इसका विस्तार कर रहा है। इन प्रयासों से समाज को जोड़ना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म उस समय हुआ था जब भारतीय लोग गुलामी और सामाजिक कुरीतियों में जकड़े हुए थे। मोदी ने कहा, स्वामी दयानंद जी ने उस समय देश को बताया कि कैसे हमारी रूढ़ियों और अंधविश्वासों ने देश को अपनी चपेट में ले लिया है और हमारे वैज्ञानिक चिंतन को कमजोर कर दिया है। इन सामाजिक बुराइयों ने हमारी एकता पर प्रहार कर दिया था। उन्होंने कहा, समाज का एक वर्ग भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से लगातार दूर होता जा रहा था। ऐसे समय में स्वामी दयानंद जी ने वेदों की ओर लौटने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि महर्षि दयानंद ''न केवल एक वैदिक ऋषि थे, बल्कि राष्ट्र चेतना के ऋषि'' भी थे। उन्होंने कहा, जब अंग्रेजी हुकूमत ने हमारी सामाजिक बुराइयों को मोहरा बनाकर हमारे लोगों को नीचा दिखाने की कोशिश की और कुछ लोग सामाजिक बुराइयों का हवाला देकर उनके शासन को उचित ठहराते थे, तब दयानंद सरस्वती के आने से ऐसे साजिशों को गहरा धक्का लगा। उन्होंने कहा कि आर्य समाज के संस्थापक ने वेदों की तार्किक व्याख्या की, रूढ़ियों पर खुलकर हमला किया और यह बताया कि भारतीय दर्शन का वास्तविक स्वरूप क्या है।





## अयोध्या में ‘आध्यात्मिकता, आंतरिक शांति, आस्था’ का बैंक बना आकर्षण का केंद्र

**अयोध्या (उप्र)/भाषा।** भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में एक ऐसा अनोखा बैंक है जिसमें धन कोई मायने नहीं रखता और इस बैंक में 35,000 खाताधारकों से केवल ''मन की शांति, आस्था और आध्यात्मिकता'' का लेन-देन होता है। ‘अंतरराष्ट्रीय श्री सीताराम बैंक’ नवनिर्मित राम मंदिर के दर्शन के लिए आ रहे भक्तों और पर्यटकों का ध्यान खींच रहा है। इस बैंक में जमा पुस्तिकाओं के सभी पृष्ठों पर ‘सीताराम’ लिखा हुआ है। इस आध्यात्मिक बैंक की स्थापना नवंबर 1970 में श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रमुख महंत नृत्य गोपाल दास ने की थी। इसमें भारत के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, नेपाल, फिजी और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों के 35,000 से अधिक खाताधारक हैं। इस बैंक के पास भगवान राम के भक्तों की 20,000 करोड़ ‘सीताराम’ पुस्तिकाओं का संग्रह है।

बैंक प्रबंधक पुनीत राम दास महाराज ने बताया कि पिछले महीने भव्य मंदिर में राम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से बैंक में रोजाना आने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। पुनीत राम दास ने ‘पीटीआई-भाषा’ से कहा, बैंक भक्तों को निशुल्क पुस्तिकाएं और लाल कलम प्रदान करता है और प्रत्येक खाते का हिसाब रखता है।

# अयोध्या में उत्तर प्रदेश के विधायकों ने रामलला के दर्शन किए

फूल बरसाकर लोगों ने किया स्वागत





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) को छोड़कर उत्तर प्रदेश के दोनों सदन (विधानसभा और विधान परिषद) के करीब 325 विधायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ नवनिर्मित राम मंदिर का दौरा किया और श्री रामलला का दर्शन पूजन किया। राम मंदिर में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान के सामने साष्टांग दंडवत कर पूजा-अर्चना की। विधायकों के मंदिरों के शहर में पहुंचने पर अयोध्या के वासियों में उत्साह देखा गया और उन्होंने फूलों की वर्षा की। जैसे ही बस ने अयोध्या में प्रवेश किया फूलों की बरसात शुरू हो गई। लोग उत्साह में नारे लगा रहे थे।

योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में कहा, आज श्री अयोध्या धाम में उत्तर प्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष सतीश महाना जी, विधान परिषद के माननीय सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह जी और सम्मानित सहयोगियों के साथ भगवान श्री रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जय सीताराम। मुख्यमंत्री ओर से साझा किए 14 मिनट के वीडियो में विस अध्यक्ष सतीश महाना समेत कई विधायक ‘रघुपति राघव राजा राम’ भजन गाते दिखाई दे रहे हैं। विधायकों ने मंदिर की सीढ़ियों पर बैठकर समूह में तस्वीरें खिंचवाईं।

## बिहार में लोकसभा चुनाव के दौरान वोट पाने के लिए कर्पूरी ठाकुर को दिया भारत रत्न : उद्धव



**मुंबई/भाषा।** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने रविवार को दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार से वोट हासिल करने के लिए नरेन्द्र मोदी की सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया है। शिवसेना के यहां एकत्रित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्ववर्ती संगठन भारतीय जन संघ ने सरकारी नौकरियों में अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) को 26 प्रतिशत आरक्षण देने के ठाकुर के फैसले का विरोध किया था। उन्होंने कहा, लेकिन अब भाजपा लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार से वोट हासिल करना चाहती है, इसलिए उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की है। मुझे खुशी है कि उनके (ठाकुर के) काम को इतने सालों के बाद मान्यता दी जा रही है।

ठाकरे ने आगे कहा कि भाजपा ने डॉ.एम.एस. स्वामीनाथन के नाम को भारत रत्न के लिए नामित किया है लेकिन उनकी अध्यक्षता में गठित आयोग द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए की गई सिफारिशों को लागू करने में असफल रही है। उन्होंने कहा कि जनता इस खोखलेपन को देख रही है।

## मंत्रियों और सरकारी कर्मचारियों को सब्सिडी वाली बिजली नहीं : हिमंत



**गुहावटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य के मंत्रियों, अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों को सब्सिडी वाली बिजली नहीं दी जाएगी। उन्होंने बिजली विभाग को निर्देश दिया कि मंत्रियों की कॉलोनी सहित सरकारी क्वार्टर में प्रीपेड मीटर लगाए जाएं। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर जानकारी दी कि हालिया संवाद के दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के वेतन से बहुत ही मामूली राशि बिजली बिल के मद में काटी जाती है। उन्होंने कहा, तत्काल, मैंने विभाग को निर्देश दिया कि मंत्रियों की कॉलोनी सहित सभी सरकारी क्वार्टर में प्रीपेड मीटर लगाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ''किसी भी मंत्री, अधिकारी या सरकारी कर्मचारी को सब्सिडी पर बिजली नहीं मिले''।

## भाजपा-आरएसएस नफरत फैला रहे हैं, जबकि प्यार भारत के डीएनए में है : राहुल गांधी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायगढ़/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नफरत फैला रहे हैं जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। राहुल गांधी की अगुवाई में ‘भारत जोड़ो न्याय यात्रा’ दो दिन के विराम के बाद रविवार को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में फिर से शुरू हुई।

रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी चौक पर एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी ''भविष्य की पीढ़ी के लिए एक ऐसा हिंदुस्तान चाहती है जहां नफरत और हिंसा न हो। कांग्रेस सांसद ने दावा किया, वर्तमान में, देश के हर कोने में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। कुछ लोग कहते हैं कि वे दूसरों को उनकी भाषा के आधार पर पसंद नहीं करते हैं जबकि कुछ लोग कहते हैं कि वे दूसरों को अन्य राज्यों से संबंधित होने के आधार पर पसंद नहीं करते हैं। ऐसे विचार देश को कमजोर करेंगे।

गांधी ने आरोप लगाया, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस नफरत फैला रहे हैं, जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। इस देश में अलग-अलग धर्म और भिन्न विचार रखने वाले लोग शांति और सौहार्द से रहते हैं। उन्होंने हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा नहीं करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की। गांधी ने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य में गृहयुद्ध चल रहा है और केंद्र सरकार इस पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है।

## निर्वाचन आयोग ने राकांपा को संस्थापकों से छीनकर दूसरों को दे दिया : शरद पवार



**पुणे/भाषा।** वरिष्ठ नेता शरद पवार ने रविवार को कहा कि अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नाम और चुनाव चिह्न आवंटित किए जाने का निर्वाचन आयोग का फैसला ''हैरान'' करने वाला है। पवार ने साथ ही कहा कि निर्वाचन आयोग ने उन लोगों के हाथों से पार्टी छीन ली जिन्होंने इसे बनाया और इसे (आयोग ने) दूसरों को दे दिया। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए कार्यक्रम और विचारधारा अहम है जबकि किसी चुनाव चिह्न की उपयोगिता एक सीमित समय के लिए होती है। मुझे भरोसा है कि लोग निर्वाचन आयोग के फैसले का समर्थन नहीं करेंगे। इसके खिलाफ हमने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

शरद पवार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने न केवल हमारा चुनाव चिह्न छीना, बल्कि हमारी पार्टी भी दूसरों को दे दी।

पवार ने राकांपा की स्थापना 1999 में की थी। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग ने उन लोगों के हाथों से पार्टी छीन ली जिन्होंने इसे बनाया, आगे बढ़ाया। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।

## विधानसभा अध्यक्ष चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का राजद डटकर मुकाबला करेगा : मनोज झा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने रविवार को स्पष्ट कर दिया कि बिहार विधानसभा में स्पीकर अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ एक दिन बाद अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने के दौरान राजद सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का डटकर मुकाबला करेगा।

राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने विधायकों से अपील की है कि वे विश्वास मत के दौरान अपनी अंतरात्मा की आवाज के अनुरूप मतदान करें। राजद ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पाला बदलने से उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) में असंतोष पैदा हो गया है। झा ने कहा, कल, विधायकों को दो गांधी में से एक को चुनना होगा। एक तो नोटों पर अंकित सिर्फ एक छवि है। जबकि, दूसरे सत्य के जीवंत प्रतीक हैं, जिन्होंने एक हत्यारे की गोलियां लगने के बाद भगवान राम का नाम लिया था। राजद नेता ने कुछ पन्नों को लहराते हुए दावा किया कि ये किसी विधानसभा अध्यक्ष को हटाने के विषय पर उच्चतम न्यायालय के पहले के आदेश हैं।

## ओडिशाः सड़क दुर्घटना में रमेश माझी घायल

**भुवनेश्वर/भाषा।** बीजू जनता दल (बीजद) के सांसद रमेश चंद्र माझी ओडिशा के नबरंगपुर जिले में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। यह दुर्घटना दरगागुड़ा में उस समय हुई जब नबरंगपुर के सांसद माझी अपने चालक और निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) के साथ रायपुर से उमरकोटे स्थित अपने घर लौट रहे थे। देर रात हुए हादसे में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, सांसद ने कहा कि उन्हें बहुत मामूली चोट आई है। माझी ने बताया, मैं, मेरा पीएसओ और चालक एक वाहन से रायपुर से घर लौट रहे थे। रात करीब 1:30 बजे अचानक वाहन फिसल कर सड़क किनारे झाड़ी में जा गिरा, हालांकि, दुर्घटना में हममें से किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई। उन्होंने कहा, दुर्घटना का कारण चालक को झपकी आना या टायर फटना हो सकता है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के वक्त वह फोन पर बात कर रहे थे।

## बंगाल राज्यसभा चुनाव : सागरिका घोष और सुष्मिता देव होंगे टीएमसी के उम्मीदवार

**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने राज्य में आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पत्रकार सागरिका घोष, पार्टी नेता सुष्मिता देव और दो अन्य लोगों के नामों की रविवार को घोषणा की। टीएमसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमें आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए सागरिका घोष, सुष्मिता देव, मोहम्मद नदीमुल हक और ममता बाला ठाकुर की उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। टीएमसी ने कहा, हम उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वे हर भारतीय के अधिकारों की रक्षा के लिए अदम्य भावना और मुखर होने की तृणमूल की स्थायी विरासत को बनाए रखने की दिशा में काम करें।

# कुछ नेताओं के पाला बदलने से ‘इंडिया’ पर असर नहीं पड़ेगा : सचिन पायलट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/रायगढ़/भाषा।** विपक्षी दलों के गठबंधन ‘इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस’ (इंडिया) के कुछ घटक दलों के पाला बदलकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के बीच कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन ''मजबूत'' है और इसकी सामूहिक ताकत से चिंतित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजनीतिक परिदृश्य में ''उन्मत्त बदलाव'' लाने की कोशिश कर रही है।

पायलट ने ‘पीटीआई-भाषा’ से एक साक्षात्कार में कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ‘इंडिया’ गठबंधन का हिस्सा हैं और उन्होंने विश्वास जताया कि उनके (बनर्जी के) साथ सीट-बंटवारे को लेकर बातचीत के दौरान आगे का कोई रास्ता निकलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा स्वयं को 370 सीट और राजग को 400 से अधिक सीट मिलने का दावा कर रही है, जो जमीनी स्तर पर व्यावहारिक आकलन के बजाय ''डींग हांकने वाला बयान और शब्दाडम्बर'' है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व वाली ‘भारत जोड़ो न्याय यात्रा’ छत्तीसगढ़ से गुजर रही है। ऐसे में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की छत्तीसगढ़ इकाई के प्रभारी महासचिव ने इन बातों को खारिज कर दिया कि यह यात्रा पार्टी की चुनावी तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। पायलट ने कहा, जैसा कि हम बता रहे हैं, हम विभिन्न राज्यों में अपने ज्यादातर सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे समझौते को अंतिम रूप दे रहे हैं। यात्रा जारी है और अन्य चीजें एआईसीसी नेतृत्व और राज्य प्रभारी संभाल रहे हैं। इन सभी बैठकों और बातचीत पर कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) खुद नजर रख रहे हैं। उन्होंने ‘पीटीआई-भाषा’ से कहा, हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि हम एकजुट होकर लड़ें। हां, कुछ लोगों ने हमारा गठबंधन छोड़ दिया है, लेकिन मोटे तौर पर गठबंधन बरकरार है और बहुत जल्द हम सीट के बंटवारे और गठबंधन के भविष्य के खाके की घोषणा करेंगे।

यह पूछे जाने पर कि जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) प्रमुख नीतीश कुमार के राजग में जाने, रालोद (राष्ट्रीय लोक दल) के जयंत चौधरी के पाला बदलने संबंधी कयासों और बनर्जी के कांग्रेस पर हमला करने से क्या ‘इंडिया’ गठबंधन पर असर पड़ रहा है, पायलट ने कहा, राजग छोड़ने वाले सहयोगियों की संख्या देखिए- अकाली दल, शिवसेना, पीडीपी, अन्नाद्रमुक। राजग छोड़ने वालों की संख्या ‘इंडिया’ छोड़ने वालों की तुलना में कहीं अधिक है।

## पहलवान साक्षी मलिक ने उषा, मैरी कॉम पर साधा निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** संन्यास ले चुकी पहलवान साक्षी मलिक ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर महिला पहलवानों के एक समूह के विरोध प्रदर्शन को समर्थन नहीं देने के लिए देश की जानी-मानी खिलाड़ियों- पीटी उषा और मैरी कॉम पर निशाना साधा है।

मलिक ने कहा कि हालांकि उषा और मैरी कॉम को उनकी जैसे खिलाड़ियों द्वारा एक ''प्रेरणा'' के रूप में लिया जाता था, लेकिन उन्होंने पीड़ित महिला पहलवानों के समर्थन में कुछ नहीं बोला। ओलंपिक पदक विजेता यहां कनकक्कुन्नू में आयोजित ‘मातृभूमि इंटरनेशनल फेस्टिवल ऑफ लेटर्स’ (एमबीआईएफएल) 2024 के तहत एक सत्र को संबोधित कर रही थी। अपने आंदोलन को लेकर दिग्गज खेल सितारों की प्रतिक्रिया पर हैरानी जताते हुए उन्होंने कहा कि उन दोनों ने पहलवानों को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया था, लेकिन कोई समाधान निकालने के लिए कुछ नहीं किया। मलिक ने कहा, पी टी उषा मैडम हमारे प्रदर्शन स्थल पर आई थीं। हमने उन्हें अपने मुद्दों के बारे में विस्तार से बताया था... वह हमारा समर्थन कर सकती थीं... लेकिन वह हमें यह आश्वासन देने के बावजूद चुप रहीं कि वह हमारे साथ खड़ी रहेंगी और हरसंभव मदद करेंगी। दिग्गज पहलवान मैरी कॉम के बारे में बात करते हुए वह थोड़ा भावुक हो गईं। मैरी कॉम, बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने और एक रिपोर्ट सौंपने के लिए गठित निरीक्षण समिति की सदस्य थीं। उन्होंने कहा कि जब मैरी कॉम समिति में थीं तो उन्होंने प्रत्येक महिला पहलवान की कहानियां सुनीं।

## सुविचार

**मस्तिष्क की शक्तियां सूर्य की किरणों के समान हैं। जब वो केन्द्रित होती हैं, चमक उठती हैं।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ये भी भारत की संतानें

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यह बयान कि 'नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू करने के नियम आगामी लोकसभा चुनाव से पहले जारी किए जाएंगे और लाभार्थियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी', उन सभी लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर है, जो वर्षों से भारत की नागरिकता पाने का सपना संजोए बैठे हैं। इस घोषणा ने उन्हें बड़ी उम्मीद बंधाई है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से प्रताड़ित हिंदू, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसी समुदाय के लोग स्वाभाविक रूप से भारत की संतानें हैं। इनके धर्म के कारण इन पर 'अपने देशों' में कैसे अत्याचार किए जा रहे हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में भारत इनके लिए दरवाजे नहीं खोलेगा तो कौन खोलेगा? इन देशों के ज्यादातर अल्पसंख्यक बहुत गरीब हैं। वे वहां से 'निकलना' चाहते हैं, लेकिन इसकी वजह इनकी गरीबी नहीं है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को उनकी धार्मिक पहचान के कारण कदम-कदम पर भेदभाव व उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। पाकिस्तान में तो उनकी बहन-बेटियों के अपहरण और जबरन धर्मांतरण की सैकड़ों घटनाएं हर साल होती हैं। वहां इन लोगों की फरियाद न किसी थाने में सुनी जाती है और न किसी अदालत से इंसाफ मिलता है। इसके बाद इन्हें जब भी अवसर मिलता है, ये भारत आना चाहते हैं। पाकिस्तान में अपना घर, जमीन और संपत्ति छोड़कर ये जोधपुर, जयपुर, दिल्ली जैसे शहरों में झोपड़ी या कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। आखिर क्यों? सिर्फ इसलिए कि इनकी धार्मिक पहचान सुरक्षित रहे, परिवार सुरक्षित रहे।

अब जबकि यह तय हो चुका है कि केंद्र सरकार सीएए के जरिए इन लोगों को अधिकार देने का पक्का इरादा कर चुकी है तो जिन बिंदुओं को लेकर पिछली बार ग़लतफ़हमी फैली, उन्हें भलीभांति स्पष्ट कर दिया जाए। चूंकि सीएए नागरिकता देने का कानून है, इससे किसी की नागरिकता छीने जाने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। साल 2020 में जब सीएए को लेकर अफवाहें फैलाकर लोगों को उकसाया गया तो उससे जान-माल का बहुत नुकसान हुआ था। इस बार उपद्रवी तत्त्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। खासकर सोशल मीडिया पर भड़काऊ बयानबाजी और भ्रामक टिप्पणियां करने वालों पर सख्ती दिखाई जाए। देश में शांति व सद्भाव का वातावरण नहीं बिगड़ना चाहिए। आज अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश में अल्पसंख्यक गिनती के रह गए हैं। पश्चिमी देश, जो मानवाधिकारों के बड़े पैरोकार समझे जाते हैं, इनके लिए आवाज नहीं उठाते। हां, उनके कथित थिंक टैंक भारत को 'उपदेश' देने के लिए रिपोर्टें जरूर जारी करते रहते हैं। ये कहने को तो बड़ा 'संवेदनशील रवैया' रखते हैं, दुनिया पर इनकी 'गहरी नज़र' होती है, लेकिन बात जब उक्त तीन देशों के अल्पसंख्यकों की हो तो इनके कैमरों के लैंस धुंधले पड़ जाते हैं, लेखनी थकान महसूस करने लगती है। तीनों देशों के प्रताड़ित लोगों को भारत में आसरा देने की पहल शुरू होती है तो देशवासियों को इसका स्वागत करना चाहिए। दुर्भाग्य से ऐसी ग़लतफ़हमियां फैलीं, जिनसे देश का नुकसान हुआ और सीएए को लागू करने में विलंब भी हुआ। अगर यह सब नहीं हुआ होता तो इन लोगों के लिए नागरिकता का मार्ग बहुत पहले ही प्रशस्त हो जाता। सरकार को चाहिए कि वह सीएए से जुड़े सभी सवालों के जवाब उपलब्ध कराए और जिस बिंदु के संबंध में भी भ्रांति फैलने की आशंका हो, उस पर स्थिति स्पष्ट करे, सभी समुदायों को विश्वास में ले और उपद्रव मचाने का मौका किसी को नहीं दे।

## ट्वीटर टॉक



आज झाबुआ, खरगोन, खंडवा, बड़वानी समेत पूरे मध्यप्रदेश के लिए हजारों करोड़ रुपए की योजनाओं का लोकार्पण किया है। एक साथ विकास के इतने सारे काम यह बता रहे हैं, मध्यप्रदेश में नई बनी डबल इंजन की सरकार डबल तेजी से काम कर रही है।

**-सीपी जोशी**



मुंबई में आयोजित वन वर्ल्ड ट्रैवल मार्ट में विश्व के लगभग 60 देशों एवं भारत के सभी राज्यों ने हिस्सा लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। विश्व के पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों और ट्रैवल एजेंट्स के साथ प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चर्चा की।

**-दीया कुमारी**



यदि समाज का हर व्यक्ति शिक्षित होगा तभी वह समाज के प्रति दायित्वों को पूरा करने में समर्थ होगा। आज दिल्ली भाजपा कार्यालय पहुँच कर हम सभी के प्रेरणास्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**-भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# आदर्शवाद सर्वोपरि

पंडित मदनमोहन मालवीय ने जब कॉलेज की शिक्षा पूर्ण की, तब उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। उन्हें अध्यापक की नौकरी करनी पड़ी। कालाकांकर के राजा रामपाल सिंह ने उनकी बहुत ख्याति सुन रखी थी। उन्होंने उस समय 'हिंदुस्तान' नामक समाचारपत्र का प्रकाशन आरंभ किया था, जिसके लिए उन्हें एक सुयोग्य संपादक की जरूरत थी। उन्होंने मालवीय से संपादक बनने का आग्रह किया। आर्थिक तंगी के चलते मालवीयजी ने यह प्रस्ताव स्वीकार तो कर लिया, किंतु राजा के सामने शर्त रखी कि जब आप नशे में हों तो कृपया कार्यालय में मेरे पास न आएं। इसके बाद मालवीय ने संपादन का कार्य शुरू कर दिया। एक दिन राजा साहब नशे में मालवीय के कार्यालय जा पहुंचे। मालवीय ने तुरंत त्यागपत्र दे दिया। नशा उतरने पर राजा साहब को बड़ी ग्लानि हुई और उन्होंने मालवीयजी से क्षमा-याचना की। मालवीय जी बोले, मैं अपने आदर्शों को सर्वोपरि मानता हूं। आप मुझे क्षमा करें। राजा साहब ने उस दिन से शराब छोड़ दी और मालवीयजी को वकालत पढ़ने के लिए 250 रुपये मासिक छात्रवृत्ति देते रहे।

## सामयिक

# नए भारत के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा भगवान महावीर


ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भगवान महावीर के 2550वें मोक्ष कल्याणक दिवस को मनाने की सार्थक पहल करके एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। दिनांक 12 फरवरी 2024 को विज्ञान भवन में आयोजित इस राष्ट्रीय समारोह में संघ के सर संघचालक श्री मोहन भागवत जी एवं चारों जैन संप्रदाय के आचार्य और मनी गण भाग लेंगे। महावीर का मोक्ष कल्याणक महोत्सव का महत्व सिर्फ जैनियों के लिए ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज के लिये है। महावीर की शिक्षाओं की उपादेयता सार्वकालिक, सार्वभौमिक एवं सार्वदेशिक है, दुनिया के तमाम लोगों ले इनके जीवन एवं विचारों से प्रेरणा ली है। सत्य, अहिंसा, अनेकांत, अपरिग्रह ऐसे सिद्धान्त हैं, जो हमेशा स्वीकार्य रहेंगे और विश्व मानवता को प्रेरणा देते रहेंगे। महावीर का संपूर्ण जीवन मानवता के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। इसलिए नए भारत में महावीर बनना जीवन की सार्थकता का प्रतीक है।

भगवान महावीर की शिक्षाओं का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में किस प्रकार समावेश हो और कैसे हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें, यह अधिक आवश्यक है लेकिन इस विषय पर प्रायः सन्नाटा देखने को मिलता है। विशेषतः जैन समाज के लोग एवं अनुयायी ही महावीर को भूलते जा रहे हैं, उनकी शिष्याओं को ताक पर रख रहे हैं। दुःख तो इस बात का है कि जैन समाज के सर्वे-सर्वा लोग ही सबसे ज्यादा महावीर को सबसे अधिक अप्रासंगिक बना रहे हैं, महावीर ने जिन-जिन बुराइयां पर प्रहार किया, वे उन्हें ही अधिक अपना रहे हैं। उस महान क्रांतिकारी वीर महापुरुष का मोक्ष कल्याणक महात्सव आयोजनात्मक ही नहीं प्रयोजनात्मक नहीं हो, इस दृष्टि से संघ का यह आयोजन संपूर्ण देशवासियों को एक नया संदेश देगा। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं कर पाते हैं। हम केवल कर्मकाण्ड और पूजा विधि में ही लगे रहते हैं और जो मूलभूत सारगर्भित शिक्षाएं हैं, उन्हें जीवन में नहीं उतार पाते।

समय के आकाश पर आज अनगिनत प्रश्नों का कोलाहल है। महावीर ने जो उपदेश दिया हम उसे आचरण में क्यों नहीं उतार पाए? मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था और विश्वास कमजोर क्यों पड़ा? धर्म की व्याख्या में हमने अपना मत, अपना स्वार्थ, अपनी सुविधा, अपना सिद्धान्त क्यों जोड़ दिया? ये ऐसे प्रश्न हैं जो हमारे जीवन को जटिल और समस्याग्रस्त बना रहे हैं। मनुष्य जिन समस्याओं से और जिन जटिल परिस्थितियों से घिरा हुआ है उन सबका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है। जरूरी है कि हम महावीर ने जो उपदेश दिये उन्हें जीवन और आचरण में उतारें। हर व्यक्ति महावीर बनने की तैयारी करे, तभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो। जिसके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो।

महावीर जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को



सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है।

महावीर का एक महत्वपूर्ण संदेश है 'क्षमा'। महावीर ने कहा कि 'खामेमि सव्वे जीवे, सव्वे जीवा खमंतु मे, मित्ती में सव्व भूएसू, वेर मज्झं न केणई'। अर्थात मैं सभी से क्षमा याचना करता हूं। मुझे सभी क्षमा करें। मेरे लिए सभी प्राणी मित्रवत हैं। मेरा किसी से भी वैर नहीं है। यदि महावीर की इस शिक्षा को हम व्यावहारिक जीवन में उतारें तो फिर क्रोध एवं अहंकार मिश्रित जो दुर्भावना उत्पन्न होती है और जिसके कारण हम घुट-घुट कर जीते हैं, वह समाप्त हो जाएगी। व्यावहारिक जीवन में यह आवश्यक है कि हम अहंकार को मिटाकर शुद्ध हृदय से आवश्यकता अनुसार बार-बार ऐसी क्षमा प्रदान करें कि यह भावना हमारे हृदय में सदैव बनी रहे। महावीर का संपूर्ण जीवन तप और ध्यान की पराकाष्ठा है इसलिए वह स्वतः प्रेरणादायी है। भगवान के उपदेश जीवनस्पर्शी हैं जिनमें जीवन की समस्याओं का समाधान निहित है। भगवान महावीर चिन्मय दीपक हैं। दीपक अंधकार का हरण करता है किंतु अज्ञान रूपी अंधकार को हरने के लिए चिन्मय दीपक की उपादेयता निर्विवाद है। वस्तुतः भगवान के प्रवचन और उपदेश आलोक पुंज हैं। ज्ञान रश्मियों से आप्लावित होने के लिए उनमें निमज्जन जरूरी है।

महावीर आदमी को उपदेश/दृष्टि देते हैं कि धर्म का सही अर्थ समझो। धर्म तुम्हें सुख, शांति, समृद्धि, समाधि, आज, अभी दे या कालक्रम से दे, इसका मूल्य नहीं है। मूल्य है धर्म तुम्हें समता, पवित्रता, नैतिकता, अहिंसा की अनुभूति कराता है। महावीर बनने की कसौटी है-देश और काल से निरपेक्ष तथा जाति और संप्रदाय की कारा से मुक्त चेतना का आविर्भाव। भगवान महावीर एक कालजयी और असांप्रदायिक महापुरुष थे, जिन्होंने अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत को तीव्रता से जीया। वे इस महान त्रिपदी के न केवल प्रयोक्ता और प्रणेता बने बल्कि पर्याय बन गए। आज के युग की जो भी समस्याएं हैं, चाहे हिंसा एवं युद्ध की समस्या हो, चाहे राजनीतिक अपराधीकरण एवं अनैतिकता की समस्या, चाहे तनाव एवं मानसिक विकृतियां हो, चाहे आर्थिक एवं पर्यावरण की समस्या हो- इन सब समस्याओं का समाधान महावीर के अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत के सिद्धान्तों एवं उपदेशों में निहित है। इसलिये आज महावीर के पुनर्जन्म की नहीं बल्कि उनके द्वारा जीये गये आदर्श जीवन के अवतरण की/पुनर्जन्म की अपेक्षा है। जरूरत है हम बदलें, हमारा स्वभाव बदले और हम हर क्षण महावीर बनने की तैयारी में जुटें तभी महावीर मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाना सार्थक होगा।

## चिंतन

# भारत रत्न : मोदी का मास्टर स्ट्रोक

सुरेश हिंदुस्तानी
मोबाइल : 9770015780

वर्तमान यह तो स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है कि केंद्र सरकार की नीतियों में पारदर्शी निर्णय का अद्भुत और भेदभाव रहित सूत्रपात हुआ है। कहा जाता है कि पिछली सरकारों के समय सम्मान और पुरस्कार 'अंधा बांटे रेबड़ी चीन्ह चीन्ह को देय वाली' कहावत को चरितार्थ करते हुए दिए जाते थे, इसका तात्पर्य यह कतई नहीं है कि उस समय जो सम्मान दिए गए, वे व्यक्ति उस योग्य नहीं थे। सवाल यह है कि उस समय इसके चयन पर सवाल उठते थे। अब वर्तमान केंद्र सरकार के पुरस्कार चयन के मामले में राजनीतिक पारदर्शिता का प्रभाव दिखाई देता है। जो व्यक्ति जिस सम्मान का अधिकारी है, उसे पूरा सम्मान देते हुए भारत रत्न सम्मान से विभूषित किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने भारतीय राजनीति की दिशा को व्यापक मोड़ देने वाले लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने का निर्णय एक सुयोग्य निर्णय लिया है। आज के राजनीतिक परिदृश्य में अगर आडवाणी जी को राजनीति का भरत निरूपित किया जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

भारत की संस्कृति सामंजस्य वाली रही है, यह भारत का वास्तविक स्वभाव है। लेकिन देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद जो सरकारें बनीं, वे केवल अपना या केवल अपनों का ही भला सोचने की मानसिकता रखते रहे। जिसके कारण कई प्रकार के सवाल उठते रहे। यह बात सही है कि जो दल केवल अपनों तक ही दृष्टि रखता है, उसे केवल अपने ही दिखाई देते है। उसकी दृष्टि अन्य विभूतियों की कभी नहीं जाती। इसी कारण से पुरस्कार भी ऐसी राजनीति का हिस्सा बनते रहे हैं। अन्यथा क्या कारण थे थे कि कांग्रेस की सरकारों ने उस समय के विपक्ष के श्रेष्ठ राजनेता अटल बिहारी वाजपेयी को भारत रत्न देने के लिए योग्य नहीं माना। अब जबकि वर्तमान केंद्र सरकार ने अपनी नीतियों को सही तरीके से क्रियान्वित करने का साहस दिखाया तो विपक्ष इसके समय पर उठा रहा है। यह बात सही है कि यह समय लोकसभा चुनाव के मुहाने का है तो स्वाभाविक रूप से इसका प्रभाव




आने वाले चुनाव में दिखाई दे सकता है, लेकिन यह भी सही है कि भारत रत्न देने में कोई पक्षपात नहीं किया गया। इससे जनमानस में यह भी संदेश जाता है कि वर्तमान केंद्र सरकार ने जन भावनाओं को बेहतर तरीके से समझा है। निश्चित रूप से इसका राजनीतिक लाभ भी भारतीय जनता पार्टी को भी मिलेगा, इसलिए राजनीतिक दृष्टि से इसे मोदी का मास्टर स्ट्रोक भी कहा जा रहा है। विपक्ष भी इसे चुनावी दृष्टिकोण से देख रहा है। इसलिए ही उनको इस बात का डर है कि कहीं देश की सत्ता पर पुनः आसीन न हो जाएं। उनका यह डर इसलिए भी लाजिमी है, क्योंकि विपक्ष तमाम प्रकार के हथकंडे अपनाकर केंद्रीय सत्ता में आने का भरपूर प्रयास कर रहा है, इतना ही नहीं कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भी इसी राजनीतिक उद्देश्य को लेकर एक बार फिर से अपनी राजनीतिक यात्रा पर हैं। लेकिन कांग्रेस के सामने सबसे बड़ा संकट यह है कि कांग्रेस को जिनसे उम्मीद थी, वह कांग्रेस को ठेंगा दिखाने का कार्य करते हुए आईना दिखा रहे हैं।

देश के वर्तमान हालात का राजनीतिक अध्ययन किया जाए तो यह तस्वीर दिखाई देती है कि भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार सत्ता में आने के लिए पूरी तरह से आश्वस्त दिखाई दे रही है। यह वास्तविकता है कि वर्तमान केंद्र सरकार ने जो काम किए हैं या जो निर्णय लिए हैं, वह धरती का सीना चीरने जैसा कार्य ही कहा जाएगा। विपक्ष तो गत एक दशक से देश के मनोभाव को समझने में नाकाम ही हुआ है। विपक्ष को चाहिए था कि वह जन भावना का आदर करते हुए अपनी राजनीतिक पारी का फिर से प्रारंभ करे। अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब कांग्रेस के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा। इसके पीछे कांग्रेस के नेताओं की मानसिकता ही पूरी तरह से दोषी है, क्योंकि कांग्रेस के नेता अपने आपको बड़ा भाई ही मानती रहती है, जबकि आज उसकी दशा छोटा भाई भी बनने की नहीं है। क्षेत्रीय दल अगर कांग्रेस के समक्ष कोई मांग रखते हैं तो कांग्रेस की ओर से उनको कोई महत्व नहीं दिया जाता। यह सर्वथा सत्य है कि देश के कई राज्यों में कांग्रेस की स्थिति क्षेत्रीय दलों से भी कमजोर हो गई है। वास्तविकता यही है कि इन राज्यों में कांग्रेस को सहारे की आवश्यकता है, लेकिन आज कांग्रेस के व्यवहार में ऐसा प्रदर्शित नहीं हो रहा। आज देश के राजनीतिक पटल पर यह दिखने लगा है कि भारतीय जनता पार्टी बहुत ही सधे हुए कदमों से अपना राजनीतिक मुकाम स्थापित करती जा रही है। उसके प्रत्येक कदम देश की जनता से सीधा संबंध बनाने वाले होते हैं। अब भारत रत्न सम्मान को ही ले लीजिए। इसे भाजपा की तुरुप चाल के रूप में देखा जा रहा है। भले ही भाजपा की मंशा राजनीतिक नहीं हो, लेकिन इसकी ध्वनि दूर तक गुंजायमान हो रही है। यह निर्णय जहां किसानों को प्रभावित करने वाला कहा जा रहा है, वही जातीय समीकरण को साधने का कहा जा रहा है। भाजपा सरकार की ओर से चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न का सम्मान दिया जाना निश्चित ही इसकी उपादेयता को व्यक्त करने वाला है। इसके क्या निहितार्थ हो सकते हैं, यह राजनीतिक विश्लेषक भली भांति जानते हैं। इसी प्रकार पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंहराव कांग्रेस की सरकारों के समय उपेक्षित ही रहे, लेकिन अब जब गैर राजनीतिक तरीके से उनको भारत रत्न सम्मान दिया जाना, एक राजनीतिक विभूति का ही सम्मान है। इन निर्णयों से भाजपा को राजनीतिक लाभ मिलेगा ही, यह तय है। कांग्रेस को इस बात के लिए सरकार को धन्यवाद देना चाहिए, क्योंकि उनके एक बड़े नेता को विचारधारा की असमानता होते हुए भी भारत रत्न सम्मान के लिए चुना। इसी प्रकार बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कर्पूरी ठाकुर को भी भारत रत्न सम्मान के लिए चुना। इससे भाजपा देश में यह भी संदेश देने में भी सफल हुई है कि वह भेदभाव रहित सरकार संचालित करती है और निर्णय भी बिना पक्षपात के लिए जाते हैं। वह सम्मान केवल अपनों को ही नहीं देते, बल्कि दूसरे योग्य व्यक्तियों का भी सम्मान करते है। राजनीतिक गलियारों में इसे मोदी का एक और मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है।

## नजरिया

# महान चिंतक और समाज सुधारक थे दयानंद सरस्वती

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218

स्वामी दयानंद सरस्वती आर्य समाज के संस्थापक, महान चिंतक, समाज-सुधारक और देशभक्त थे। स्वामी जी का जन्म 12 फरवरी 1824 को हुआ। उन्नीसवीं शताब्दी के महान समाज-सुधारकों में स्वामी दयानंद सरस्वती का नाम अत्यंत श्रध्दा के साथ लिया जाता है। जिस समय भारत में चारों ओर पाखंड और मूर्ति -पूजा का बोल-बाला था। स्वामी जी ने इसके खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने भारत में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए 1876 में हरिव्दार के कुंभ मेले के अवसर पर पाखण्डखंडिनी पताका फहराकर पोंगा-पंथियों को चुनौती दी। उन्होंने फिर से वेद की महिमा की स्थापना की। उन्होंने एक ऐसे समाज की स्थापना की जिसके विचार सुधारवादी और प्रगतिशील थे।

हिंदू पंचांग के अनुसार, स्वामी दयानंद सरवती का जन्म फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को होता है। स्वामी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दयानंद सरस्वती जयंती मनाई जाती है। उन्होंने अपने समय में समाज में फैली बाल विवाह, सती प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति न केवल समाज को जागरूक किया बल्कि इन्हें दूर करने में भी काफी योगदान दिया। अपने परिवार से प्रारंभिक शिक्षा लेने के बाद, वह एक महान वैदिक विद्वान के रूप में उभरे। उन्होंने सांसारिक जीवन को त्याग दिया और ज्ञान और सत्य की खोज में भारत के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में चले गए। स्वामी दयानंद अपना सर्वस्व जीवन राष्ट्रहित के उत्थान, समाज में प्रचलित अंधविश्वासों और कुरीतियों को दूर करने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने अपनी ओजस्वी विचारों से समाज में नव चेतना का संचार जागृत किया। उन्होंने वेदों को सर्वोच्च माना और वेदों का प्रमाण देते हुए समाज में फैली कुरीतियों का विरोध किया। उन्होंने सन 1874 में अपने कालजयी ग्रन्थ सत्यार्थ-प्रकाश' की रचना की। वर्ष 1908 में इस ग्रन्थ का अंग्रेजी अनुवाद भी प्रकाशित किया गया। इसके अलावा उन्होंने कुल मिलाकर उन्होंने 60 पुस्तकें, 14 संग्रह, 6 वेदांग, अष्टाध्यायी टीका, अनके लेख लिखे जिनमें ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका, संस्कार-विधि, आर्याभिविनय आदि अनेक विशिष्ट ग्रन्थों की रचना की।

अपने 59 वर्ष के जीवन में महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने राष्ट्र में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ लोगो को जगाया और अपने ज्ञान प्रकाश को देश में फैलाया। उन्होंने अपने कार्यो से समाज को नयी दिशा एवं उर्जा दी। महात्मा गाँधी जैसे कई महापुरुष



स्वामी दयानन्द सरस्वती के विचारों से प्रभावित थे। धर्म सुधार हेतु अग्रणी रहे दयानंद सरस्वती ने 1875 में मुंबई में आर्य समाज की स्थापना की थी। वेदों का प्रचार करने के लिए उन्होंने पूरे देश का दौरा करके पंडित और विद्वानों को वेदों की महत्ता के बारे में समझाया।

दयानंद सरस्वतीजी ने अंग्रेजों के खिलाफ भी कई अभियान चलाए। जिससे अँग्रेजी सरकार स्वामी दयानंद से बुरी तरह तिलमिला गयी और स्वामीजी से छुटकारा पाने के लिए, उन्हें समाप्त करने के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र रचे। 1857 की क्रांति में भी स्वामी जी ने अपना अमूल्य योगदान दिया अंग्रेजी हुकूमत से जमकर लोहा लिया, स्वामी दयानंद सरस्वती वैदिक धर्म में विश्वास रखते थे उन्होंने राष्ट्र में व्याप्त कुरीतियों एवम अन्धविश्वासों का सदैव विरोध किया।

दयानन्द सरस्वतीजी ने विधवा नारियों के पुनर्विवाह के लिये अपना मत दिया और लोगो को इस ओर जागरूक किया। स्वामी जी ने सदैव नारी शक्ति का समर्थन किया उनका मानना था कि नारी शिक्षा ही समाज का विकास हैं। पति के साथ पत्नी को भी उसकी मृत्यु शैया पर अग्नि को समर्पित कर सती करने की अमानवीय सतीप्रथा का भी उन्होने विरोध किया।

उन्होंने नारी को समाज का आधार कहा और कहा उनका शिक्षित होना जरूरी हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती ने अपने विचारों के प्रचार के लिए हिन्दी भाषा को अपनाया। उनकी सभी रचनाएं और सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश मूल रूप में हिन्दी भाषा में लिखा गया। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती का निर्वाण दिवस 30 अक्टूबर को है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने ईश्वर तेरी इच्छा पूर्ण हो कह कर अपनी नश्वर देह 30 अक्टूबर 1883 को अमावस के दिन भिनाय कोठी, आगरा में त्याग दी थी।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत



# राष्ट्रपति मुर्मू आर्मी गार्ड बटालियन की रस्मी अदला-बदली की साक्षी बनीं

नयी दिल्ली/दक्षिण भारत। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू यहां राष्ट्रपति भवन में तैनात आर्मी गार्ड बटालियन की रस्मी अदला-बदली और औपचारिक परिवर्तन की रविवार को साक्षी बनीं। समारोह के दौरान, रस्मी आर्मी गार्ड बटालियन के रूप में सिख रेजिमेंट की छठी बटालियन ने अपना कार्यकाल पूरा करने पर, पांचवीं गोरखा राइफल्स की पहली बटालियन को कार्यभार सौंप दिया। राष्ट्रपति भवन में सेना की विभिन्न इन्फेंट्री (पैदल सेना की) इकाइयां बारी-बारी से रस्मी आर्मी गार्ड के रूप में सेवा देती हैं।

आर्मी गार्ड बटालियन, राष्ट्रपति भवन में रस्मी गार्ड ड्यूटी करने के अलावा गणमान्य व्यक्तियों को 'गार्ड ऑफ ऑनर', गणतंत्र दिवस परेड, स्वतंत्रता दिवस परेड, 'बीटिंग रिट्रीट' जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में रस्मी कर्तव्यों का निर्वहन करती है। मुर्मू ने कार्यक्रम में, सैन्य परंपराओं के उच्चतम मानकों का पालन करने और राष्ट्रपति भवन में पूर्ण समर्पण के साथ अपना कर्तव्य निर्वहन करने के लिए सिख रेजिमेंट की छठी बटालियन के अधिकारियों और सैनिकों की सराहना की। उन्होंने पांचवीं गोरखा राइफल्स की पहली बटालियन का स्वागत किया और साथ ही विश्वास जताया कि वे अपने कार्यकाल के दौरान 166 वर्षों के अपने गौरवशाली इतिहास के अनुरूप राष्ट्रपति भवन में एक नया मानदंड स्थापित करेंगे।

## सिलिकॉन वैली में भारतीय पेशेवरों ने नवोन्मेषण के लिए पहल शुरू की

वाशिंगटन। सिलिकॉन वैली में नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित भारतीय पेशेवरों के एक वैश्विक नेटवर्क के गठन की घोषणा हुई है। इस पहल का मकसद वैश्विक चुनौतियों से निपटने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए इंजीनियरिंग को एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में इस्तेमाल करना है। सिलिकॉन वैली स्थित एक गैर-लाभकारी इकाई 'इंडियन प्रोफेशनल विदाउट बॉर्डर्स' भारतीय मूल के पेशेवरों का एक वैश्विक नेटवर्क है। समूह ने बयान में कहा कि वह साझा विरासत और उत्कृष्टता के जरिये नवाचार, सहयोग और सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सम्मान



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में भंडारा और गोंदिया जिलों के मेधावी छात्रों और प्रमुख हस्तियों के सम्मान समारोह में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ।

### दर्शन



अयोध्या में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्रियों के.पी. मौर्य और ब्रजेश पाठक, यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और राज्य विधायक रविवार को अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन के दौरान।

## आज कांग्रेस में रहने का मतलब चमचागिरी : आचार्य प्रमोद कृष्णम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

संभल। अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी बयानबाजी के आरोप में कांग्रेस से निष्कासन के दूसरे दिन रविवार को आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि आज कांग्रेस में रहने का मतलब चमचागिरी और झूठ बोलना जरूरी हो गया है। संभल के एचोंडा कंबोह में 'कल्कि धाम' पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया और कहा, यह आचार्य प्रमोद कृष्णम के निष्कासन का सवाल नहीं है, वो कांग्रेस जो महात्मा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस, इंदिरा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद की कांग्रेस थी, उसको आज किस रास्ते पर लाकर खड़ा कर दिया गया है? महत्वपूर्ण यह है। आज कांग्रेस में रहने का मतलब चमचागिरी जरूरी, झूठ बोलना जरूरी है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को एक बयान में कहा था कि अनुशासनहीनता की शिकायत और पार्टी के खिलाफ बार-बार बयानबाजी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रमोद कृष्णम को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित करने के उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह के लिए उन्हें आमंत्रित किया था।

आचार्य ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष का मजबूत होना जरूरी है, लेकिन मौजूदा विपक्ष विरोध के नाम पर सिर्फ एक व्यक्ति का विरोध करना जानता है। मौजूदा विपक्ष नरेन्द्र मोदी से इतनी नफरत करता है कि नरेन्द्र मोदी से नफरत करते-करते वह भारत से नफरत करने लगा है। कृष्णम ने अपने निष्कासन पर खुशी जाहिर करने के साथ ही सवाल उठाते हुए कहा खरगे जी और वेणुगोपाल जी बताएं कि ऐसी कौन सी पार्टी विरोधी गतिविधियां थी?

## प्रचार अभियान में पति के शामिल न होने पर आमने-सामने आए हेली और ट्रंप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

साउथ कैरोलाइना (अमेरिका)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को सवाल किया कि उनकी प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली के पति प्रचार अभियान में उनके साथ क्यों नहीं हैं। इस पर संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत हेली और उनके पति माइकल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। माइकल इस वक्त सैन्य सेवा के तहत विदेश में तैनात हैं। ट्रंप ने साउथ कैरोलाइना के कॉनवे में लोगों को संबोधित करते हुए कहा, उनके पति को क्या हुआ। वह कहां हैं? वह चले गए हैं। ट्रंप और हेली 24 फरवरी को रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव के मद्देनजर राज्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

पूर्व राष्ट्रपति की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए हेली ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, माइकल हमारे देश की सेवा में तैनात हैं, जिसके बारे में आप कुछ भी नहीं जानते। उन्होंने अपने पति की सेवा पर गर्व जताते हुए कहा कि हर सैनिक की पत्नी जानती है कि सेना में काम करना एक पारिवारिक बलिदान है।



**रैली**

रविवार को रंगिया के हाथीखोला मैदान में 93वें वार्षिक अधिवेशन श्रीमंत शंकरदेव संघ के तीसरे और आखिरी दिन के दौरान भक्त एक सांस्कृतिक रैली निकालते हुए ।

## शूर्पणखा की भूमिका में नजर आ सकती हैं रकुल प्रीत सिंह

मुंबई/एजेन्सी



फिल्ममेकर नितेश तिवारी की 'रामायण' पिछले कई दिनों से लाइमलाइट में है। इसके कलाकारों को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही है। रणबीर कपूर फिल्म में 'राम' की भूमिका निभाएंगे। अब खबर है कि रावण की बहन 'शूर्पणखा' के रोल के लिए भी बातचीत चल रही है। पिंकविला ने एक सूत्र के हवाले से कहा कि रकुल और नितेश के बीच पिछले कुछ समय से बातचीत चल रही है और उनकी 'शूर्पणखा' के लिए कास्टिंग हो चुकी है। यह रामायण के सबसे महत्वपूर्ण पात्रों में से एक है, क्योंकि 'शूर्पणखा' ही वह है जो भगवान राम और रावण की प्रतिद्वंद्विता के लिए जिम्मेदार थी। रकुल इस 'रामायण' की दुनिया में कदम रखने के लिए उत्साहित हैं और कागजी कार्रवाई जल्द ही होगी। एक्ट्रेस रामायण की सदाबहार कहानी से जुड़ने को जीवन में एक बार मिलने वाले अवसर के रूप में मान रही हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि फिल्म में 'हनुमान' की भूमिका निभाने के लिए सनी देओल को चुना गया है। 'रामायण : पार्ट वन' की शूटिंग मई से शुरू हो सकती है। इसमें 'हनुमान' के रोल में सनी का कैरेक्टर गेस्ट रोल में होगा लेकिन दूसरे और तीसरे पार्ट में उनकी पूर्ण रूप से उपस्थिति होगी।




## लाल सलाम को नहीं मिला दर्शकों का रिस्पॉन्स, दूसरे दिन कारोबार में आई गिरावट

मुंबई/एजेन्सी

साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'लाल सलाम' का दर्शकों को लंबे समय से इंतजार था। फिल्म 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है और दर्शक इसे पसंद भी कर रहे हैं। लेकिन रिलीज से पहले फिल्म को लेकर जितना क्रेज देखा जा रहा था, वह रिलीज के बाद दिखाई नहीं दे रहा है। 'लाल सलाम' को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों का खास रिस्पॉन्स मिलता दिखाई नहीं दे रहा है और फिल्म काफी कम कमाई कर रही है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक 'लाल सलाम' ने पहले दिन 3.55 करोड़ रुपए कमाए थे तो वहीं दूसरे दिन वीकेंड होने का बावजूद खास नोट नहीं बटोर पा रही है। फिल्म के दूसरे दिन के शुरुआती आंकड़े भी सामने आ गए हैं जिसके मुताबिक 'लाल सलाम' ने अब तक 3.00 करोड़ रुपए कमाए हैं। इसी के साथ फिल्म के दो दिनों का टोटल कलेक्शन 6.55 करोड़ रुपए हो गया है।

'लाल सलाम' तमिल, तेलुगू, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज की गई है। फिल्म को रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत ने निर्देशित किया है। इस फिल्म से ऐश्वर्या ने 9 साल बाद निर्देशन की दुनिया में कमबैक किया है। ऐसे में रजनीकांत ने एक पोस्ट कर बेटी को उनकी फिल्म के लिए उन्हें बधाई भी दी थी। 'लाल सलाम' एक स्पोटर्स ड्रामा फिल्म है जिसमें विष्णु विशाल और विक्रांत लीड किरदार अदा करते दिखाई दिए हैं। वहीं रजनीकांत फिल्म में कैमियो रोल में हैं। इसके अलावा विग्नेश, लिविंगस्टोन, सेंथिल, जीविता, के एस रविकुमार और थांबी रमैया भी फिल्म का हिस्सा हैं।

## रामचरण को लेकर फिल्म बनायेंगे संजय लीला भंसाली !

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार संजय लीला भंसाली दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण को लेकर फिल्म बना सकते हैं। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लव एंड वॉर तथा वेब सीरीज हीरामंडी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।चर्चा है कि इसके साथ ही भंसाली एक नई पैन इंडिया फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। कहा जा रहा है कि भंसाली इस फिल्म में राम चरण को कास्ट करेंगे। फिल्म की कहानी अमीश त्रिपाठी की बुक, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव पर आधारित है।सुहेलदेव के रोल के लिए भंसाली की टीम ने कुछ समय पहले राम चरण से संपर्क किया है। राम चरण ने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ ली है। यदि



रामचरण के मन मुताबिक सबकुछ सही रहा तो वो इस फिल्म में राजपूत योद्धा सुहेलदेव का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। अमीश त्रिपाठी द्वारा लिखित, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव महान राजा सुहेलदेव की बहादुरी की कहानी पर आधारित है। राजा सुहेलदेव ने बहराइच की लड़ाई में गाजी सैय्यद सालार मकसूद की सेना को हराया था।

# दर्शकों के दिलों पर राज किया कमाल अमरोही ने



मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड में कमाल अमरोही को ऐसी शख्सियत के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने बेहतरीन गीतकार, पटकथा और संवाद लेखक तथा फिल्म निर्माता एवं निर्देशक के रूप में दर्शकों के दिलों पर राज किया। 17 जनवरी 1918 को उत्तर प्रदेश के अमरोहा में जमींदार परिवार में जन्मे कमाल अमरोही मूल नाम (मूल नाम सैयद आमिर हैदर कमाल) शुरुआती दौर में एक उर्दू समाचार पत्र में नियमित रूप से स्तम्भ लिखा करते थे। अखबार में कुछ समय तक काम करने के बाद उनका मन उचाट होने लगा और वह कलकत्ता चले गए और फिर वहां से मुंबई आ गए। मुंबई पहुंचने पर कमाल अमरोही को मिनर्वा मूवीटोन की निर्मित कुछ फिल्मों में संवाद लेखन का काम मिला। इनमें जेलर, पुकार और भरोसा जैसी फिल्में शामिल थीं, इन सबके बावजूद कमाल अमरोही को वह पहचान नहीं मिल पायी, जिसके लिए वह मुंबई आए थे।

अपने वजूद तलाशते कमाल अमरोही अपनी पहचान बनाने के लिए लगभग 10 वर्ष तक फिल्म इंडस्ट्री मे संघर्ष करना पड़ा। उनका सितारा साल 1949 में प्रदर्शित अशोक कुमार की निर्मित क्लासिक फिल्म 'महल' से चमका। अशोक कुमार ने कमाल अमरोही को फिल्म 'महल' के निर्देशन का जिम्मा दिया।बेहतरीन गीत-संगीत और अभिनय से सजी महल की कामयाबी ने न सिर्फ पाश्वगायिका लता मंगेशकर के सिने करियर को सही दिशा दी बल्कि फिल्म की नायिका मधुबाला को स्टार के रूप में स्थापित कर दिया। आज भी इस फिल्म के सदाबहार गीत दर्शकों और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।

वर्ष 1952 मे कमाल अमरोही ने फिल्म अभिनेत्री मीना कुमारी से शादी कर ली। उस समय कमाल अमरोही और मीना कुमारी की उम्र में काफी अंतर था। कमाल अमरोही 34 साल के थे जबकि मीना कुमारी महज 19 साल की थी। महल की कामयाबी के बाद कमाल अमरोही ने कमाल पिक्चर्स और कमालिस्तान स्टूडियो की स्थापना की। कमाल पिक्चर्स के बैनर तले उन्होंने अभिनेत्री पत्नी मीना कुमारी को लेकर 'दायरा' फिल्म का निर्माण किया लेकिन यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी।

इसी दौरान कमाल अमरोही को के.आसिफ की साल 1960 में प्रदर्शित फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में संवाद लिखने का अवसर मिला। इस फिल्म के लिए वजाहत मिर्जा संवाद लिख रहे थे लेकिन के.आसिफ को लगा कि एक ऐसे संवाद लेखक की जरूरत है, जिसके लिखे डायलॉग दर्शकों के दिमाग से बरसों बरस नहीं निकल पाएं और इसके लिए उन्होंने कमाल अमरोही को अपने चार संवाद लेखकों में शामिल कर लिया। इस फिल्म के लिए कमाल अमरोही को सर्वश्रेष्ठ संवाद लेखक का फिल्म फेयर पुरस्कार दिया गया।

वर्ष 1964 मे कमाल अमरोही और मीना कुमारी की विवाहित जिंदगी में दरार आ गयी और दोनों अलग अलग रहने लगे। इस बीच कमाल अमरोही अपनी महत्वाकांक्षी फिल्म 'पाकीजा' के निर्माण में व्यस्त रहे। उन्हें इस फिल्म के निर्माण में लगभग चौदह साल लग गए।कमाल अमरोही और मीना कुमारी अलग हो गए थे फिर भी कमाल अमरोही ने फिल्म की शूटिंग जारी रखी क्योंकि उनका मानना था कि 'पाकीजा' जैसी फिल्मों के निर्माण का मौका बार-बार नहीं मिल पाता है।

वर्ष 1972 में जब 'पाकीजा' प्रदर्शित हुई तो फिल्म में कमाल अमरोही के निर्देशन क्षमता और मीना कुमारी के अभिनय को देख दर्शक मुग्ध हो गए। 'पाकीजा' आज भी कालजयी फिल्म में शुमार की जाती है।

## सुपरहीरो शक्तिमान का किरदार निभा सकते हैं रणवीर सिंह

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था।सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने शक्तिमान का किरदार निभाने में दिलचस्पी दिखाई है। निर्माताओं को लगता है कि वह शक्तिमान के किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकते हैं।सोनी पिक्चर्स और साजिद नाडियाडवाला मिलकर इस फिल्म



को प्रोड्यूस करेंगे। कहा जा रहा है कि जब एक बार रणवीर सिंह, डॉन 3 की शूटिंग खत्म कर देंगे उसके बाद शक्तिमान की शूटिंग शुरू होगी। बताया जा रहा है कि ये एक बिग बजट फिल्म होने वाली है। मेकर्स इसको बनाने में लगभग 300-350 करोड़ रुपये खर्च करने वाले हैं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जिस प्रकार फूलों में सर्वश्रेष्ठ गुलाब होता है वैसे ही गुरुओं में भी सर्वश्रेष्ठ है गुरु राजेन्द्रसूरीश्वरजी। गुरु का उपकार जिस पर हो जाता है उसका कल्याण हो जाता है। गुरु हमेशा पुण्य से व पुण्यशाली को मिलते हैं और जिसको भी मिलते है उसका जीवन सफल हो जाता है। राजेन्द्र सूरी ने जिनशान के लिए अनेक कार्य किए तथा उन्हें अनेक पदवियों से नवाजा गया परन्तु उन्होंने कभी की पद व पदवी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राजेन्द्र सूरी एवं सरल व तपस्वी संत थे।



# संदेशपरक लिखते हैं डॉ. दिलीप धींग : गौतम बोहरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। जैन साहित्य संगम, तमिलनाडु की वसंत काव्य गोष्ठी शनिवार को पूनमली हाई रोड़ स्थित 'कमल शोभालय' में हुई। गोष्ठी में डॉ. दिलीप धींग का तिलक, शॉल, हार, उपहार और कविताओं से अभिनंदन किया गया। सामूहिक पंच परमेष्ठी स्तुति एवं सरस्वती वंदना से प्रारंभ कार्यक्रम में संगम अध्यक्ष सीए गौतमचंद बोहरा ने कहा कि डॉ. धींग सदैव संदेशपरक लिखते हैं। विभिन्न विषयों पर अनेक विधाओं में लिखते हैं। मोहिनी चोरड़िया ने कहा कि डॉ. धींग की काया छोटी, लेकिन कार्य बड़े हैं। संयोजक शोभा चोरड़िया ने डॉ. धींग को विद्वत्ता और विनम्रता का संगम बताया।

उपाध्यक्ष केवल कोठारी ने 'जीने की खातिर मरने की दुर्गम राह चुनेगा कौन' कविता सुनाई। संयुक्त सचिव राजेश सुराणा ने कहा कि डॉ. धींग दर्शन और इतिहास के कठिन विषय को सरल भाषा में प्रस्तुत करते हैं।

उन्होंने सुझाव दिया कि डॉ. धींग के चयनित साहित्य का अंग्रेजी व तमिल में अनुवाद कराया जाना चाहिये। कोषाध्यक्ष पमिता खीचा ने गुलाब के फूल पर कविता सुनाई। रमेश बोहरा ने डॉ. धींग के प्राकृत भाषा व साहित्य हेतु योगदान को सराहा।

कपूरचंद सेठिया ने कहा कि डॉ. धींग के सम्मान से सम्मान का गौरव बढ़ा है। ज्योति मेहता ने डॉ. धींग की रचनात्मक दृष्टि को रेखांकित किया। नैनमल जैन ने भगवान सुमतिनाथ भक्ति गीत सुनाया। वनिता पगारिया ने बचपन की कविता सुनाई। प्रणत धींग ने माता-पिता की महिमा गाई। डॉ. दिलीप धींग ने संगम के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। मोहिनी चोरड़िया ने काव्यात्मक संचालन किया। स्वाति चोरड़िया ने धन्यवाद दिया।

# लक्ष्य बिना उपलब्धता व उपयोगिता निर्मूल है : साध्वी मंगलज्योति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। मेट्टूपालयम में विराजित श्रमण संघीय साध्वीश्री मंगल ज्योतिजी म.सा, विकास ज्योतिजी म.सा, ऋजु प्रज्ञाजी म.सा, नैतिकश्रीजी म.सा. व मौलिकश्रीजी म. सा. के दर्शन वंदन एवं प्रवचन व मांगलिक श्रवण हेतु कोयंबतूर के भक्तजन पहुँचे। साध्वीश्री मंगलज्योतिजी.म.सा ने अपने प्रवचन में कहा कि कोई भी चीज हो उसकी उपलब्धता व उपयोगिता बिना लक्ष्य के कोई फल प्राप्त नहीं कर सकता, लक्ष्य के बिना हर चीज निर्मूल है।

कोयंबटूर से विजयराज लोढ़ा, महावीर चंद नाबरिया, देवराज रांका, प्रसन कटारिया के साथ ही श्री वर्धमान जैन सेवा संघ(कोयंबटूर)के संस्थापक राजेश कुमार गादिया ने सतीवृंद के दर्शन लाभ व प्रवचन श्रवण का लाभ प्राप्त किया।

ज्ञातव्य हो कि सतिमंडल का 2023 का चातुर्मास मैसूरु में संपन्न हुआ था। सतिमंडल गुंडलपेट, तेप्पकाडू, मसिनगुडी,ऊटी, कुन्नूर, कल्लार होते हुए मेट्टूपालयम् पहुंचे हैं। सतिमंडल का कुछ दिनों का प्रवास यहीं रहने की संभावना है।





# जैनाचार्य हस्तीमल का दीक्षा दिवस स्वाध्याय दिवस के रूप में मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** जैनाचार्य हस्तीमलजी म.सा. का दीक्षा दिवस साहुकारपेट के स्वाध्याय भवन में श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, तमिलनाडु के तत्वावधान में स्वाध्याय दिवस के रूप में सामायिक साधना पूर्वक मनाया गया। वरिष्ठ स्वाध्यायी लीलमचंद बागमार ने आचार्य हस्ती के गुणगान में स्वरचित स्तुति सुनाई। वीरभ्राता वीरेन्द्र कांकरिया ने जीव के 563 भेदों का विस्तृत विवेचन किया।

श्रावक संघ तमिलनाडु के कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया ने आचार्य हस्ती के चरित्रमय जीवन का परिचय धर्मसभा में रखते हुए दस मुण्डन के अंतर्गत पांच इंद्रियों व चार कषायों के नौ प्रकार के भाव मुण्डन व दसवें प्रकार के द्रव्य मुण्डन के अंतर्गत सिर के केश मुण्डन का आचार्य हस्ती के जीवन मे घटित होने का विस्तृत विवेचन किया और आचार्य हस्ती की दीक्षा दिवस तिथि पर आचार्य हस्ती के मुखारविन्द से दीक्षित वर्तमान में साध्वीप्रमुखा महासतीश्री तेजकंवरजी म. सा. का दीक्षा दिवस होने का सुअवसर व संयोग बताया।

वरिष्ठ स्वाध्यायी महावीरचन्द तातेड़ ने सामायिक स्वाध्याय के प्रबल प्रेरक आचार्य हस्ती के गुणगान किये। योगेश श्रीश्रीमाल ने जैन संकल्प करवाया। धर्म सभा में आचार्य हस्ती चालीसा व आचार्य हस्ती द्वारा रचित वैराग्यमय स्तुतियों व भजन सामूहिक रूप से किया गया। रूपराज सेठिया, नवरतनमल व बाल मोक्ष चोरडिया की उपस्थिति प्रमोदजन्य रही। संकल्प, व्रत- नियम-प्रत्याख्यान, मांगलिक के संग दीक्षा दिवस मनाया गया।



# 'कपड़े की थैली- मेरी सहेली'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नार्थ टाउन द्वारा 'कपड़े की थैली मेरी सहेली' जागरूकता अभियान के अंतर्गत रविवार को एक होटल में कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया। चेयरमैन दिलखुशराज धोका ने कपड़े की थैली का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। गवर्निंग काउंसिल सदस्य ज्ञानचंद कोठारी ने बताया कि प्लास्टिक थैलियों से प्रदूषण फैलता है। इसलिए हमेशा कपड़े की थैली का ही उपयोग करें।

सचिव रमेश नाहटा ने संस्था के गतिविधियों के बारे में बताया। रीजन 10 के मीडिया के डिप्टी डायरेक्टर महावीर सबदडा ने सदस्यों को अपना सहयोग व समय देकर प्लास्टिक को बंद करने का आग्रह किया।

इस कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन शांतिलाल चौधरी, कोषाध्यक्ष बुधप्रकाश डोसी, पुखराज सुराना, निर्मल तातेड, भावेश खंडोर, राजेंद्र देशरला, किशोर लूणावत, राजेंद्र बेद, महावीर खींचा, हितेश जैन, संजय सुराना, योगेश दवे, अशोक भंसाली आदि सदस्यों की उपस्थित रही।

# सीरवी समाज केआरएस रोड में माही बीज वार्षिक उत्सव सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मैसूरु।** सीरवी समाज केआरएस रोड पर स्थित आईमाता मंदिर में रविवार को 37वां माही बीज वार्षिक उत्सव मनाया गया। दीप प्रज्वलित कर आईमाताजी की आरती की गई। शनिवार को रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें भजन गायक बंसीदास ने माताजी के भजनां की प्रस्तुति दी। समारोह के दौरान विभिन प्रकार के चढ़ावों की बोलिया बोली गयी जिसमें समाज के लोगो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। साथ ही गैर मंडल की ओर से गैर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्थानीय विधायक हरीश गौड़ा का सम्मान समाज की ओर से किया गया। इस अवसर पर सीरवी समाज के अध्यक्ष मोटाराम सौलंकी, आईजी गैर मंडल के अध्यक्ष चेनाराम परिहार, आईजी सेवा संघ के अध्यक्ष रूपाराम राठौड़, महिला मंडल की अध्यक्ष विमलादेवी गेहलोत, कोषाध्यक्ष पुष्पा देवी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। मंच का संचालन रूपाराम राठौड़ ने किया।

# आईपीआर विषय पर आयोजित हुआ ऑनलाइन सेशंन

**बेंगलूरु/दक्षिण भारत।** विजय संभव फाउंडेशन (वीएसएफ) और आईआईटी पटना के जीरो लैब के संयुक्त तत्वावधान में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स(आईपीआर) के विषय पर ऑनलाइन सेशंन का आयोजन किया जिसमें लगभग 15+स्टार्टअप्स ने भाग लिया। फाउंडेशन की कानूनी सलाहकार और पेटेंट एक्सपर्ट सोनल कीर्ति ने इस सत्र में स्टार्टअप्स को पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्कऔर व्यापार रहस्यों में महत्वपूर्ण दृष्टिकोण के बारे में प्रभावी जानकारी दी। सोनल ने के व्यावसायिक दृष्टिकोण ने स्टार्टअप्स को एक नया उत्साह प्रदान किया तथा आज के गतिशील व्यापार परिदृश्य में बौद्धिक सम्पत्ति को समझने और सुरक्षित रखने की महत्व को बताया।















# पूरे मंत्रोच्चार से हुई सुमतिनाथ जैन मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा व भागवती दीक्षा

## मंदिर में स्थापित हुई जिन व गुरु प्रतिमाएं व लहराई धर्मध्वजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। रविवार को अल्लसुबह से ही मागड़ी रोड जैन मंदिर में मंत्रोच्चार की आवाज व श्लोकों की ध्वनि गुंजायमान हो रही थी। मागड़ी रोड का छठवा क्रॉस श्रावक श्राविकाओं से अटा पड़ा था। सभी पूजा के वस्त्र में हाथों में पूजा की थाल लिए मंदिर की ओर बढ़ रहे थे। सभी के मन में उल्लास व मुख पर विशेष तेज दिखाई दे रहा था, मानो वर्षों पुराना सपना पूरा होने जा रहा है। मंदिर के मुख्य गंभारे में करीब 140 साधु साध्वियों के तप की विशेष ऊर्जा को अनुभव किया जा सकता था। मौका था मागड़ी रोड स्थित सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ में सुमतिनाथ जिनालय सह दादावाड़ी, गुरु मंदिर अंजनशलाका प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का। प्रतिष्ठा निश्रादाता खरतरगच्छाधिपति आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरीजी, आचार्य अभरशेखरसूरीश्वरजी व आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी की निश्रा में प्रतिष्ठा के मुख्य दिन सुबह मंदिर में माणक स्तंभ आरोहण कर तोरण विधान सम्पन्न कराया गया। मंदिर में रोहित गुरुजी व अन्य विधिकारकों ने सभी लाभार्थी परिवार के हाथों तय जिन प्रतिमाओं व गुरु प्रतिमाओं की मंत्रोच्चार के साथ स्थापना व प्रतिष्ठा करवाई। प्रतिमाओं के स्थापना के साथ ही शिखरों पर लाभार्थियों के ध्वजारोहण किया तथा पूरा मंदिर प्रांगण पुण्याहमं- पुण्याहमं, प्रियतामं प्रियतामं के जयघोष से घोषित हो उठा। मागड़ी रोड के जैन परिवारों ने नाच गाकर अपने खुशी का इजहार किया।



### मुमुक्षु शोभा कोटड़िया बनी साध्वी सिद्धार्थप्रभाश्री

प्रतिष्ठा के बाद कौशल्या नगर में मुमुक्षु शोभा कोटाड़िया की दीक्षा की विधि तीनों आचार्यों की निश्रा में प्रारंभ हुई जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष व महिला श्रद्धालुओं के साथ युवा वर्ग उपस्थित था। आचार्यश्री जिनमणिप्रभसागरजी ने दीक्षा की विधि कराते हुए बीच बीच में दीक्षा के महत्त्व व महिमा का वर्णन किया। मुमुक्षु ने चर्तुमुखी परमात्मा के समक्ष दीक्षा की विधि सम्पन्न की। इस बीच बेंगलूरु मध्य के सांसद पी सी मोहन ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर आचार्यों का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुमुक्षु शोभा ने अपनी दीक्षा के लिए अनुमति देने वाले सभी परिवार जनों तथा संयम ग्रहण करने के लिए प्रेरित करने वाले साधु साध्वियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने कहा कि संयम का मार्ग गुरु कृपा से ही संभव है और संयम स्व व पर के कल्याण का निमित मात्र है। उपस्थित सभी जनों ने व परिवारजनों ने भावों से मुमुक्षु शोभा कोटड़िया को इस संसारिक बंधन से विदाई देते हुए संयम पथ पर अग्रसर होने के लिए शुभकामनाएं दी। शुभ मुहूर्त में आचार्यश्री ने मंत्रों के साथ पूरे विधि विधान से संयमपथ का द्योतक 'जैन ओगा' अर्पण कर मुमुक्षु शोभा की दीक्षा सम्पन्न कराई। ओगा प्राप्त होते हुए मुमुक्षु से झूमते हुए अपने चरमआनंद का प्रदर्शन किया। दीक्षा विधि के बाद मुमुक्षु शोभा कोटड़िया का नया नाम साध्वीश्री सिद्धार्थप्रभाश्रीजी रखा गया।

### विभिन्न लाभार्थियों का किया गया सम्मान

दीक्षा के दौरान मुमुक्षु शोभा कोटड़िया ने दीक्षा करवाने की आज्ञा प्रदान करने वाले मागड़ी रोड सुमतिनाथ जैन संघ के पदाधिकारियों का सम्मान किया। रविवार को शाही करबा व फलेचुन्दड़ी का हजारों लोगों ने आनंद उठाया तथा फलेचुन्दड़ी के लाभार्थी प्रतापसिंह मेहता परिवार आदि का सम्मान किया गया।

प्रतिष्ठा व अन्य कार्यक्रम में मागड़ी रोड जैन संघ के अध्यक्ष प्रतापसिंह मेहता, उपाध्यक्ष धर्मचन्द सुराणा, सचिव इन्दरचन्द गादिया, सहसचिव जगदीश गोगड़ व भरत पालरेचा, कोषाध्यक्ष मुन्नालाल सिंघवी, ट्रस्टी नरेन्द्र मेहता, आनंद मेहता, राहुल बाफना, राजेशकुमार जैन, विजयराज समदड़िया, रुपचन्द कर्नावट, मुकेश गोगड़, किरण गादिया आदि सदस्य सहित सुमति जिन भक्ति मंडल, सुमति लब्धि जैन शासन सेवा मंडल, सुमति जिन बैंड मंडल, सुमति वारि स्मृति महिला मंडल, सुमति श्राविका बहु मंडल ने विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग दिया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.